खबरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स
अधिकतम :27°C
न्यूनतम : 15°C
हल्द्वानी, बुधवार 5 नवम्बर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 70 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00
विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper
shahtimes2015@gmail.com कार्तिक शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 13 जमादिउल उला 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



भाजपा राज मतलब भ्रष्टाचार का भंडार: अखिलेश पेज 2



मंधाना को हटाकर वुलफार्ट बनीं नंबर-1 वनडे बल्लेबाज खेल टाइम्स



बिहार में जंगलराज के गीत का पूरा सच सम्पादकीय



भारतीय मूल के व्यक्ति की देश निकाला प्रक्रिया पर अमेरिकी अदालत की रोक पेज 12

# बिहार में पहले चरण के लिए चुनाव प्रचार थमा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** बिहार में पहले फेज की सीटों पर चुनाव प्रचार मंगलवार शाम 5 बजे थम गया। चुनाव आयोग ने केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह के खिलाफ मंगलवार को पटना में एफआईआर दर्ज कराई गई है। ललन पर आचार संहिता उल्लंघन का आरोप है।

■ **केंद्रीय मंत्री ललन सिंह पर एफआईआर, कहा था- वोटिंग के दिन कुछ नेताओं को घर से निकलने मत देना**



दरअसल, ललन सिंह ने सोमवार को जदयू प्रत्याशी और बाहुबली नेता अनंत सिंह के लिए प्रचार किया था। इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए उनका एक वीडियो वायरल हुआ। इसमें उन्हें कहते सुना गया कि यहां कुछ नेता है, जिनको चुनाव के दिन निकलने मत दीजिएगा। घर में ही बंद कर दीजिएगा। हाथ-पैर जोड़ें, तो कहिएगा हमारे साथ चलकर वोट दीजिए और घर में बैठिए। राजद ने एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि ललन सिंह गरीबों को वोट डालने से रोक रहे हैं। इस पर चुनाव आयोग ने ललन सिंह को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। हालांकि, जदयू ने इस आरोप को गलत बताया और कहा कि अनंत सिंह का वीडियो एडिटेड है। दूसरी तरफ, राजद नेता और महागठबंधन के सीएम चेहरे तेजस्वी यादव ने मंगलवार को पटना में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि उनकी सरकार बनी, तो 14 जनवरी को माई बहिन मान योजना के तहत महिलाओं के खाते में 30 हजार देंगे। तेजस्वी ने कहा कि मकर संक्रांति के दिन, 14 जनवरी को, पूरे साल भर का 30 हजार महिलाओं के खाते में ट्रांसफर करेंगे। 5 साल के दौरान कुल डेढ़ लाख मिलेंगे। राज्य की जीविका दीदीयों को स्थायी किया जाएगा। उन्हें 30,000 प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा।



कोलकाता: पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अन्य टीएमसी नेता राज्य के मताधिकार की रक्षा के लिए एसआईआर पहल के खिलाफ एक विशाल रैली निकालते हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में NDA की प्रचंड जीत होगी, कोई शक नहीं: मोदी

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के प्रचार अभियान के आखिरी चरण में एनडीए की महिला कार्यकर्ताओं से बातचीत की। भाजपा-एनडीए समर्थक मतदाताओं के साथ बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि चुनावी रैलियों में रिकॉर्ड संख्या में महिलाएं शामिल हो रही हैं। वह नारे लगा रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुझे इस बात पर कोई संदेह नहीं कि बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत होगी। पीएम ने महिला कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करने का आग्रह किया। यह बातचीत भारतीय जनता पार्टी की 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' पहल के तहत हुई।

### हिंदुजा समूह के चेयरमैन गोपीचंद का लंदन में निधन

**नई दिल्ली।** हिंदुजा समूह के चेयरमैन गोपीचंद परमानंद हिंदुजा का लंदन के एक अस्पताल में निधन हो गया। परिवार के करीबी सूत्रों ने यह जानकारी दी। वह 85 वर्ष के थे। हिंदुजा परिवार के करीबी सूत्रों ने बताया कि व्यापारिक जगत में जीपी के नाम से मशहूर गोपीचंद पी. हिंदुजा पिछले कुछ सप्ताह से बीमार थे और लंदन के एक अस्पताल में उनका निधन हो गया। हिंदुजा परिवार की दूसरी पीढ़ी से ताल्लुक रखने वाले गोपीचंद ने मई 2023 में अपने बड़े भाई श्रीचंद के निधन के बाद अध्यक्ष का पद संभाला था। उनके परिवार में पत्नी सुनीता, पुत्र संजय और धीरज और पुत्री रीता हैं।

### NHRC ने अफसरों के रिश्वत मामले का स्वत: संज्ञान लिया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने एक मीडिया रिपोर्ट पर स्वत: संज्ञान लिया है, जिसमें बताया गया है कि बेंगलुरु में अपनी इकलौती बेटी की मौत के बाद एक पिता को हर कदम पर रिश्वत देनी पड़ी। आयोग ने इस मामले में कर्नाटक के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। एनएचआरसी ने बताया कि आयोग ने पाया है कि यदि समाचार रिपोर्ट की सामग्री सत्य है, तो यह मानवाधिकारों के उल्लंघन का गंभीर मामला है। आयोग ने कर्नाटक के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

# ऑनलाइन जुआ-सट्टा मामले में केंद्र सरकार से जवाब तलब

## ई-स्पोर्ट्स गेम्स के नाम पर ऑनलाइन जुआ चलाने वालों पर एक्शन लें: सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को ऑनलाइन गेमिंग कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने सभी याचिकाओं पर सरकार से विस्तृत जवाब देने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 26 नवम्बर को होगी।

जस्टिस जेबी पारदीवाला और केवी विश्वनाथन की बेंच ने कहा कि हम चाहते हैं कि केंद्र सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल जवाब की कॉपी याचिकाकर्ताओं के वकीलों को पहले से दे दें, ताकि वे भी जल्द से जल्द अपना जवाब दाखिल करें। बेंच ने एक शतरंज खिलाड़ी की याचिका पर भी सुनवाई की। इस पर सरकार को निर्देश दिया कि ई-स्पोर्ट्स गेम्स की आड़ में ऑनलाइन जुआ-सट्टेबाजी चलाने वाले प्लेटफॉर्म पर कार्रवाई करें। मामले में सभी याचिकाकर्ताओं की मांग है कि ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ प्लेटफॉर्म को -**शेष पृष्ठ दो पर**

■ **ऑनलाइन गेमिंग कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर की सुनवाई**

■ **कोर्ट ने सभी याचिकाओं पर सरकार से विस्तृत जवाब देने को कहा**



### ट्रिब्यूनल सुधार अधिनियम मामले को बड़ी पीठ को सौंपने के कदम पर केंद्र की खिंचाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को ट्रिब्यूनल सुधार अधिनियम, 2021 को चुनौती देने वाली याचिकाओं को पांच न्यायाधीशों की पीठ को सौंपने के केंद्र सरकार के आवेदन पर नाराजगी व्यक्त की और सवाल किया कि क्या यह कदम मौजूदा पीठ से बचने का जानबूझकर किया गया प्रयास है, जो पहले ही इस मामले की व्यापक सुनवाई कर चुकी है।

मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ लंबे समय से लंबित मद्रास बार एसोसिएशन मामले की सुनवाई कर रही थी, जिसमें ट्रिब्यूनल सुधार अधिनियम, 2021 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है। कार्यवाही के दौरान, केंद्र की ओर से पेश हुए भारत के अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमण ने अदालत को सूचित किया कि केंद्र सरकार ने एक आवेदन पेश कर अनुरोध किया है कि मामले को एक बड़ी पीठ के समक्ष रखा जाए। मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की कि हमें उम्मीद नहीं है कि भारत संघ इस तरह की रणनीति अपनाएगा।

# बंगाल में एसआईआर के खिलाफ ममता बनर्जी का मार्च

कोलकाता, वार्ता

■ **पार्टी वर्कर्स के साथ कोलकाता की सड़कों पर उतरीं, भाजपा ने कहा: जमात की रैली**

**पश्चिम बंगाल** में मंगलवार को सीएम ममता बनर्जी ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआईआर (सामान्य शब्दों में वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन) के खिलाफ कोलकाता में विरोध मार्च निकाला। 3.8 किमी लंबी रैली में उनके साथ पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी और बड़ी संख्या में पार्टी वर्कर्स मौजूद रहे।

देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मंगलवार से एसआईआर शुरू हो गया। इनमें से तमिलनाडु, पुड्डुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल में 2026 में चुनाव हैं। असम में भी अगले साल चुनाव हैं, लेकिन अभी वहां एसआईआर का शेड्यूल तय नहीं है। एसआईआर पर ममता की पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) का आरोप है कि वोटर लिस्ट में संशोधन प्रोसेस चुपचाप तरीके से की जा रही धांधली है। जिसे भाजपा सरकार और चुनाव आयोग मिलकर कर रहे हैं। इधर पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने ममता के मार्च को जमात की रैली बताया। उन्होंने कहा कि यह भारतीय संविधान की नैतिकता के खिलाफ है। वहीं, बंगाल भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने कहा कि ममता जी को अगर कुछ कहना है, तो उन्हें सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना चाहिए। 12 राज्यों में एसआईआर के दौरान आयोग का फोकस नागरिकता की जांच पर है। असम में मतदाता सूची की गहन समीक्षा तो होगी, लेकिन नागरिकता की जांच नहीं होगी।

### इंडिया गठबंधन करेगा एसआईआर प्रक्रिया का देशव्यापी विरोध

**नई दिल्ली।** इंडिया गठबंधन ने मंगलवार से दूसरे चरण की शुरू हो रही मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया का विरोध करने की योजना बनाई है। सूत्रों के अनुसार बिहार विधानसभा चुनाव के बाद एसआईआर को लेकर इंडिया गठबंधन ने देशव्यापी आंदोलन करने की तैयारी की है। इंडिया गठबंधन इसके विरोध में सामूहिक रूप से उच्चतम न्यायालय का फिर से रुख करने की भी तैयारी कर रहा है। सूत्रों के अनुसार बिहार विधानसभा चुनाव के बाद (एसआईआर) के मसले पर इंडिया गठबंधन की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें उच्चतम न्यायालय से गुहार करने और देशव्यापी आंदोलन करने की रूपरेखा तैयार की जाएगी। फिलहाल पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांग्रेस नेतृत्व के साथ मिलकर मतदाता सूची पुनरीक्षण मुद्दे पर संघर्ष को आगे बढ़ाने पर सहमति दी है।

# सुप्रीम कोर्ट ने पोक्सो के मामलों के दुरुपयोग पर जताई गहरी चिंता

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण अधिनियम (पोक्सो कानून) का गलत इस्तेमाल बढ़ रहा है। अदालत ने देखा कि इस कानून का उपयोग कई बार पति-पत्नी के झगड़ों या किशोर-किशोरी के आपसी सहमति वाले संबंधों में किया जा रहा है, जो कानून की असली भावना के खिलाफ है।

पीठ एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस याचिका में मांग की गई है कि लोगों को दुष्कर्म और पोक्सो कानून के प्रावधानों के बारे में जागरूक किया जाए, ताकि देश में महिलाओं और लड़कियों के लिए माहौल और सुरक्षित बने। अदालत ने कहा कि हम यह देख रहे हैं कि कई बार पोक्सो एक्ट का इस्तेमाल झगड़ों या किशोरों के आपसी संबंधों में गलत तरीके से किया जा रहा है।

■ **कहा: लोगों को दुष्कर्म व पोक्सो कानून के प्रावधानों के बारे में जागरूक करें**

### यात्री ने की विमान का इमरजेंसी गेट खोलने की कोशिश

**वाराणसी।** वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार शाम को वाराणसी से मुंबई जाने वाली एक फ्लाइट के एप्रन से रनवे की ओर जाते समय एक यात्री ने अचानक इमरजेंसी गेट खोलने का प्रयास किया। क्रू मेंबरों ने तत्काल इसकी सूचना पायलट को दी। पायलट एटीसी को सूचना देते हुए विमान को वापस एप्रन पर ले आया। सभी यात्रियों को विमान से सुरक्षित उतारकर सुरक्षाकर्मियों द्वारा विमान की जांच की गई और यात्री को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

# मालगाड़ी पर चढ़ी पैसेंजर ट्रेन, छह की मौत

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में लालखदान के पास बड़ा रेल हादसा हुआ है। हावड़ा रूट पर चल रही पैसेंजर ट्रेन और मालगाड़ी के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतरने के कारण यात्रियों में दहशत फैल गई।

छह लोगों के मरने की खबर है। रेलवे प्रशासन ने तुरंत रेस्क्यू टीम और मेडिकल यूनिट को मौके पर भेजा है। स्थानीय प्रशासन भी सहायता के लिए पहुंचा। हादसे के कारण पूरे रूट पर ट्रेन परिचालन पूरी तरह ठप हो गया। कई ट्रेनों को रद्द या रूट डायवर्ट कर दिया गया। हादसे में प्रभावित लोगों के लिए मुआवजे का ऐलान कर दिया गया है। जिसमें मृतकों के परिजनों को 10 लाख, गंभीर रूप से घायल यात्रियों को पांच लाख और सामान्य रूप से घायल यात्रियों को एक लाख की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। कोरबा पैसेंजर और मालगाड़ी में टक्कर हुई है।



■ **कई लोग घायल, आमने-सामने की हुई टक्कर**

### दिवाली के 13 दिन बाद भी दिल्ली में एक्यूआई 229

**नई दिल्ली।** देश में इस समय 3 तरह के मौसम चल रहे हैं। राजस्थान-मध्य प्रदेश समेत दक्षिण भारत के कुछ इलाकों में बारिश हो रही है। राजधानी दिल्ली प्रदूषण, कोहरा और धुंध से जूझ रही है। दिवाली के 13 दिन बाद भी यहां एक्यूआई लेवल गंभीर कैटेगरी में है। मंगलवार सुबह 9.30 बजे एक्यूआई लेवल 229 रिकॉर्ड किया गया। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और हिमालय से सटे राज्यों में बर्फबारी का अलर्ट है।

# भारत में राजनीति बन गई फैमिली बिजनेस: थरूर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भारत की वंशवादी राजनीति की आलोचना की है। थरूर ने एक अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशन प्रोजेक्ट सिंडिकेट में लिखे अपने लेख में कहा कि भारत में राजनीति फैमिली बिजनेस बन गई है।

जब तक राजनीति परिवारों के इर्द-गिर्द घूमती रहेगी, तब तक लोकतांत्रिक सरकार का असली मतलब पूरा नहीं हो सकेगा। थरूर ने लेख में लिखा कि यह समय है, जब भारत को वंशवाद (परिवारवाद) छोड़कर योग्यता आधारित व्यवस्था अपनानी चाहिए। इसके लिए कानूनी रूप से तय कार्यकाल, आंतरिक पार्टी चुनाव और मतदाताओं को जागरूक करने जैसे मूलभूत सुधार जरूरी हैं। थरूर ने अपने लेख में नेहरू-गांधी परिवार को भारत का सबसे प्रभावशाली राजनीतिक परिवार बताया। उन्होंने लिखा कि इस परिवार की विरासत आजादी के आंदोलन से जुड़ी है, लेकिन इसी कारण लोगों में यह सोच भी बढ़ी है कि राजनीति कुछ परिवारों का जन्मसिद्ध अधिकार है। थरूर ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में अब्दुल्ला और मुफ्ती परिवारों ने भी पीढ़ियों तक सत्ता संभाली है। इसके साथ उन्होंने देशभर की कई राजनीतिक परिवारों का उदाहरण दिया। थरूर ने लेख में ओडिशा में नवीन पटनायक, महाराष्ट्र में उद्धव और आदित्य ठाकरे, उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह और अखिलेश यादव, बिहार में रामविलास और चिराग पासवान, पंजाब में प्रकाश सिंह और सुखबीर बादल, तेलंगाना में केसीआर के बेटे और बेटी के बीच उत्तराधिकार की लड़ाई के साथ ही तमिलनाडु में करुणानिधि और उनके बेटे एमके स्टालिन के परिवार का जिक्र किया।

**कांग्रेस सांसद ने कहा: कुछ लोगों को लगता है राजनीति नेहरू-गांधी परिवार का जन्मसिद्ध अधिकार, वंशवाद छोड़ना चाहिए**



# मणिपुर: उग्रवादियों ने सेना पर की फायरिंग, चार उग्रवादी ढेर

**इंफाल।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले से लगभग 80 किलोमीटर पश्चिम स्थित खनपी गांव में सोमवार तड़के सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में यूनाइटेड कुकी नेशनल आर्मी के चार उग्रवादी मारे गए।

सेना को यूकेएनए के कुछ उग्रवादियों के क्षेत्र में होने की खबर मिली थी, जिसके बाद खानपी गांव के आसपास सुबह 5.30 बजे अभियान शुरू किया गया। रक्षा सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई खुफिया जानकारी के आधार पर की गई थी। अभियान के दौरान आतंकियों ने सेना के दस्ते पर बिना उकसावे के गोलीबारी की, जिसके जवाब में सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की। यूकेएनए अब तक केंद्र, राज्य सरकार और कुकी-जोमी संगठनों के बीच अपने अभियानों को रोकने से जुड़े समझौते में शामिल नहीं है।

■ **खनपी गांव में सेना और आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़**

## संक्षिप्त समाचार

### अखिलेश दुबे के करीबी डीएसपी ऋषिकांत सस्पेंड

**लखनऊ।** कानपुर के वकील अखिलेश दुबे के करीबी और मैनपुरी के डीएसपी ऋषिकांत शुक्ला को आय से अधिक संपत्ति मामले में निलंबित कर दिया गया हैं। उन पर अखिलेश दुबे से साठ गांठ कर अकूत संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। वो दस तक साल कानपुर में सीओ पद पर नियुक्त रहे हैं। इस कार्रवाई के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। गृह विभाग के सचिव आईएएस जगदीश ने इन्हें निलंबित करते हुए विजिलेंस जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। ऋषिकांत शुक्ला पर कानपुर में तैनाती के दौरान लोगों को झूठे मुकदमों में फंसाकर संपत्ति अर्जित करने का आरोप थे। विजिलेंस जांच में भी उनकी अकूत संपत्ति का खुलासा हुआ है, जिसके बाद ये कार्रवाई की गई है। एसआईटी जांच ने जब इस मामले की जांच की, तो सौ करोड़ की संपत्ति का खुलासा हुआ है। इनमें पड़ोसी के नाम पर खरीदी गई आर्य नगर में 11 दुकानें भी शामिल हैं।

### तिवारी ने थरूर के वंशवाद संबंधी लेख पर जताई नाराजगी

**नई दिल्ली।** राज्य सभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर के राजनीति में वंशवाद को लेकर प्रकाशित एक लेख पर गहरी नाराजगी और आपत्ति जताई है। तिवारी ने यहां मंगलवार को एक बयान जारी करके कहा कि नेहरू परिवार के नेता इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने देश के लिए अपनी जान तक कुर्बान कर दी। आखिर भारत में ऐसा कौन सा परिवार है, जिसमें नेहरू परिवार जैसी निष्ठा और क्षमता रही है? गौरतलब है कि थरूर ने वंशवाद की राजनीति को केंद्र में रखकर एक लेख लिखा था।

## स्नान घाटों पर सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर मुख्यमंत्री का निर्देश

# रीलबाज पुलिसकर्मियों को हटाया जाए: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ घाटों पर सुविधाएं रखने का निर्देश, मर्यादा में रहे आचरण

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने कार्तिक पूर्णिमा, देव दीपावली, गुरु नानक जयंती, ददरी मेला (बलिया) व गढ़मुक्तेवर मेला (हापुड़) के आयोजनों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं। इस दौरान उन्होंने अधिका. रियों को संवेदनशील स्थलों पर ड्यूटी करने के दौरान रील बनाने वाले पुलिस कर्मियों को हटाने का भी आदेश दिया है। ताकि किसी की भी लापरवाही के चलते इन आयोजनों में कोई बड़ी चूक न हो। जनता की सेवा से जुड़े कामों में मर्यादा और अनुशासन बनी रहनी चाहिए। सुरक्षा में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को देव दीपावली समेत प्रदेश के अन्य आगामी आयोजनो के दौरान घाटों व मेलों में अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि पर्व त्योहारों के दौरान मेलों में स्वच्छता, सुरक्षा व सतर्कता हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। इस दौरान भीड़ और यातायात प्रबंधन को लेकर भी अधिकारियों को निर्देश दिया है। समीक्षा बैठक में सीएम योगी ने कहा कि ये पुलिस और स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी है कि देव दीपावली समेत प्रदेश के अन्य आयोजनों में माहौल पूरी तरह शांतिपूर्ण, सुरक्षित व श्रद्धाभाव से भरा रहे। नदियों के जलस्तर को लेकर भी उन्होंने अधिकारियों को खास निर्देश दिए हैं। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने 'विकसित उत्तर प्रदेश -2047' अभियान की भी समीक्षा की। उन्होंने बताया कि अब तक प्रदेश के विभिन्न जनपदों से 72 लाख से अधिक सुझाव प्राप्त हुए हैं। जौनपुर, गाजीपुर, हरदोई, प्रतापगढ़, बिजनौर, गोरखपुर, बरेली, सोनभद्र और गोंडा सहित कई जिलों से लोगों ने विकास के उपयोगी विचार साझा किए हैं।

### दरभंगा में योगी के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

**दरभंगा।** बिहार विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के अंतिम दिन दरभंगा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रोड शो के दौरान भारी जनसमूह उमड़ा। लोहिया चौक से प्रारंभ होकर मछली चौक तक चले इस भव्य रोड शो में लोगों का उत्साह चरम पर रहा। सड़क के दोनों ओर और छतों पर खड़े लोगों ने योगी योगी, जय श्री राम, भारत माता की जय, मिथिला धाम की जय, माता जानकी की जय और हर हर महादेव के नारे लगाए।

### किसानों को राहत: नॉन हाइब्रिड धान कुटाई में एक प्रतिशत रिकवरी की छूट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चावल मिलों को नॉन हाइब्रिड धान कुटाई में 1 प्रतिशत रिकवरी छूट की घोषणा की है, जिससे राज्य के लाखों अन्नदाता किसानों और राइस मिलों को प्रोत्साहन मिलेगा। इसके साथ ही राज्य में रोजगार और निवेश क्षेत्र में बढ़ोतरी होगी। योगी सरकार का धान कुटाई पर राहत पैकेज का ऐलान किया है। इस छूट से प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और सरकारी खरीद प्रक्रिया और तेज हो जाएगी। इससे प्रदेश के 13-15 लाख अन्नदाता किसानों और 2000 से अधिक राइस मिलों को सीधा लाभ पहुंचेगा। योगी सरकार की ओर से इसके लिए 167 करोड़ रुपये की प्रतिपूर्ति दी जाएगी। योगी सरकार के इस निर्णय से राष्ट्रीय स्तर पर बचत होगी। अब पीडीएस के लिए बाहर से चावल की रैक नहीं मांग. नी पड़ेगी। सरकार ने हाइब्रिड धान की कुटाई पर रिकवरी प्रतिशत पर पहले से ही 3 प्रतिशत की छूट दी हख जिसके लिए सरकार प्रतिवर्ष लगभग 100 करोड़ रुपये की प्रतिपूर्ति करती है।

# लखनऊ से सहारनपुर के बीच चलेगी वंदे भारत

लखनऊ, वार्ता

■ सात नवम्बर से होगी शुरू, नौ शहरों से होकर गुजरेगी

उत्तर प्रदेश में अब एक और नए रूट पर वंदे भारत ट्रेन की सौगात मिलने जा रही है। ये नई ट्रेन लखनऊ सेंट्रल से सहारनपुर जिले के बीच चलेगी, जिससे प्रदेश के अवध क्षेत्र से पश्चिमी यूपी के जिल के बीच कनेक्टिविटी बढ़ेगी। लखनऊ से सहारनपुर के बीच वंदे भारत ट्रेन का संचालन 7 नवंबर से शुरू होने जा रहा है। इसके लिए ट्रेन का टाइमटेबल और रूट तय हो गया है। इसका नोटिफिकेशन भी जारी हो गया है।

वंदे भारत के नए रूट पर चलने के बाद सीतापुर भी वंदे भारत एक्सप्रेस के रूट से जाएग। जानकारी के मुताबिक ट्रेन संख्या 26504 सोमवार को छोड़कर बाकी सभी सप्ताह के छह दिनों पर चलेगी। टाइम टेबल के मुता. बिक वंदे भारत ट्रेन लखनऊ सेंट्रल से सुबह पांच बजे रवाना होगा, इसके बाद ये ट्रेन सुबह 5.55 बजे सीतापुर पहुंचेगी। सीता. पुर से शाहजहांपुर सुबह 7.10 बजे, बरेली सुबह 8.08 बजे, मुरादाबाद सुबह 9.27 बजे, नजीबाबाद सुबह 10.45 बजे, रुड़की सुबह 11.40 बजे और रुड़की से सहारनपुर दोपहर 12.45 बजे पहुंचेगी। इस तरह ये ट्रेन नौ बड़े शहरों से होकर गुजरेगी। इसी तरह वापसी में ट्रेन संख्या 26503 वंदे भारत ट्रेन सहारनपुर से दोपहर तीन बजे रवाना होगी और फिर रुड़की 3.45, नजीबा. बाद शाम 4.40 बजे, मुरादाबाद शाम 6.10 बजे, बरेली शाम 7.33 बजे, शाहजहांपुर रात 8.38 बजे, सीतापुर रात 9.50 और लखनऊ जंक्शन पर रात 11.00 पहुंचेगी। वापसी में भी ये ट्रेन सहारनपुर से सोमवार को छोड़कर बाकी सभी छह दिन चलेगी।

# अमेरिकी सीनेट में पेश हायर विधेयक भारत के लिए चिंताजनक: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस ने कहा है कि अमे. रिकी सीनेट में हायर विधेयक पेश किया गया है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा झटका हो सकता है, इसलिए हमारी सरकार को इसकी चुनौतियों से निपटने की रणनीति पर विचार करना चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को यहां एक बयान में कहा कि अमेरिकी सीनेट में सोमवार को ओहायो के सीनेटर बर्नी मोरेनो ने अंतर्राष्ट्रीय रोजगार स्थानांतरण अधिनियम को रोकने वाला हाल्टिंग इंटरनेशनल रीलोकेशन ऑफ एंप्लॉयमेंट एक्ट, जिसे सरल भाषा में हायर विधेयक कहा जा सकता है, को सदन में पेश किया है और यदि विधेयक पारित होता है, तो भारत की अर्थव्यवस्था पर इसका गहरा असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस विधेयक को सीनेट की वित्त समिति के पास भेजा गया है। इसमें उन सभी अमेरिकी व्यक्तियों और कंपनियों पर 25 प्रतिशत टैक्स लगाने का प्रावधान है, जो विदेशी कंपनियों या व्यक्तियों को ऐसे काम के लिए भुगतान करते हैं, जिसका प्रत्यक्ष लाभ अमेरिकी उपभोक्ताओं को मिलता है। इस विधेयक को आउटसोर्सिंग भुगतान की नई परिभाषा के रूप में पेश किया गया है। रमेश के अनुसार विशेषज्ञ मानते हैं कि यह विधेयक भारत के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेक्टर, बीपीओ, कंसल्टिंग सेवाओं और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है। भारत ही नहीं आयरलैंड, इज़रायल और फलीपीन्स जैसे देशों को भी इससे नुकसान हो सकता है, लेकिन इसका सबसे बड़ा असर भारत के सेवा निर्यात उद्योग पर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

### बाराबंकी में सड़क हादसे में आठ मरे

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिले के देवा क्षेत्र में ट्रक की चपेट में आने से कार सवार एक ही परिवार के पांच सदस्यों समेत आठ लोगों की मृत्यु हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना की व्यक्त की है। उन्होंने अधिकारियों को मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि देवा-फतेहपुर मार्ग पर विशुनपुर गांव के पास बीती रात कल्याणी नदी के पुल पर कार और ट्रक में आमने सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में छह लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि किशोर समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

# भाजपा राज मतलब भ्रष्टाचार का भंडार

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ हर विभाग में घोटाले, हर स्तर पर रिश्वतखोरी व हर जगह दलालों का राज

**लखनऊ।** आय से अधिक संपत्ति के मामले में फंसे निलंबित पुलिस उपाधीक्षक ऋषिकांत शुक्ल और माफिया अखिलेश दुबे को लेकर समा. जवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि योगी सरकार के सुशासन के दावों की आए दिन पोल खुल रही है और हर विभाग में दलालों और रिश्वतखोरी चरम पर है।

यादव ने मंगलवार को एक्स पर लिखा- जिनके करीबी और सहायक अधिकारी के पास 100 करोड़ रुपए की अवैध संपत्ति मिली है, सोचिए उनके पास खुद कितनी अपार दौलत होगी और उनके उस 'ऊपर वाले' के पास कितनी, जिनके संरक्षण और आशीर्वाद से वे अब तक कार्रवाई से बचे हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के 'सुशासन' के दावे अब खोखले साबित हो चुके हैं। हर विभाग में घोटाले, हर स्तर पर रिश्वतखोरी और हर जगह दलालों का राज कायम है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा राज का असली अर्थ है 'भ्रष्टाचार का भंडार', जिसमें जनता की गाढ़ी कमाई का धन लूटने की खुली छूट दी जा रही है। कानपुर के अखिलेश दुबे को लेकर सपा मुखिया इन दिनों काफी हमलावर हैं। अभी बीते दिनों प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने कहा था कि इस सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। विकास दुबे की गाड़ी इसलिए पलटाई गई थी कि कहीं सरकार न पलट जाए। अब अखिलेश दुबे को बचाया जा रहा है। गौरतलब है कि ऋषिकांत शुक्ल कानपुर नगर पुलिस में लंबे समय तक तैनात रहे हैं।



सेंसेक्स 83459.15
निफ्टी 25597.65



सोना रु. 121010
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 145924
प्रति किलो



# निवेशकों के 2.7 लाख करोड़ डूबे, सूचकांक टूटे

नई दिल्ली, वार्ता



**सेंसेक्स 500 अंक टूटा निफ्टी 25,600 के नीचे**

भारतीय शेयर बाजारों मंगलवार को तेज गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 519 अंक टूटकर बंद हुआ। वहीं निफ्टी गिरकर 25,600 के नीचे चला गया। कमजोर ग्लोबल संकेतों, विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली और दूसरी तिमाही के कमजोर नतीजों से शेयर बाजार के सेंटीमेंट पर दबाव देखा गया। इसके अलावा अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों को लेकर मिलेजुले संकेत और भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर अनिश्चितता के चलते भी निवेशक सतर्क दिखाई दिए।

कारोबार के अंत में सेंसेक्स 519.34 अंक या 0.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 83,459.15 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी इंडेक्स 165.70 अंक या 0.64 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,597.65 पर बंद हुआ। ब्रॉडर मार्केट में भी कमजोरी देखने को मिली। निफ्टी मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स करीब 1 प्रतिशत तक फिसल गए। दिनभर के कारोबार में बाजार में लगातार बिकवाली का दबाव देखा गया, जिससे सूचकांक दिन के निचले स्तरों के पास ही सिमट गए। लगभग सभी सेक्टर्स लाल निशान में बंद हुए। आईटी, मेटल, बैंकिंग और अक्न्टो शेयरों में सबसे अधिक गिरावट देखने को मिली। हालांकि कंज्यूमर डड्रूरेबल्स सेक्टर ने थोड़ी मजबूती दिखाई और यह हरे निशान में बंद होने वाला इकलौता मुख्य सेक्टोरल इंडेक्स रहा। आईटी, मेटल, बैंकिंग और ऑटो शेयरों में सबसे अधिक गिरावट देखने को मिली। हालांकि कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर ने थोड़ी मजबूती दिखाई और यह हरे निशान में बंद होने वाला इकलौता मुख्य सेक्टोरल इंडेक्स रहा। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैपिटलाइजेशन आज घटकर 469.79 लाख करोड़ रुपये पर आ गया, जो इसके पिछले कारोबारी दिन 472.51 लाख करोड़ रुपये रहा था। इस तरह बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप आज करीब 2.72 लाख करोड़ रुपये घटा है। या दूसरे शब्दों में कहें तो निवेशकों की संपत्ति में करीब 2.72 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई है। सेंसेक्स के इन 5 शेयरों में रही सबसे अधिक तेजी बीएसई सेंसेक्स के 30 में से सिर्फ 5 शेयर आज हरे निशान में यानी बढ़त के साथ बंद हुए। इसमें टाइटन के शेयरों में 2.28 फीसदी की सबसे अधिक तेजी रही। इसके बाद भारती एयरटेल , बजाज फाइनेंस , महिंद्रा एंड महिंद्रा और स्टेट बैंक आफ इंडिया के शेयर 0.72 फीसदी से लेकर 1.89 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुए। वहीं सेंसेक्स के बाकी 25 शेयर लाल निशान में बंद हुए। इसमें भी पावरग्रिड का शेयर 3.13 फीसदी की गिरावट के साथ टॉप लूजर्स रहा। वहीं, इटरनल , टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल , टाटा स्टील और मारुति सुजुकी के शेयरों में 1.76 फीसदी से लेकर 2.79 फीसदी तक की गिरावट रही।

### सस्ता हुआ सोना-चांदी खरीदारी का शानदार मौका

**नई दिल्ली।** शादियों के सीजन में सोना और चांदी खरीदने वालों के लिए राहत भरी खबर है। नवंबर की शुरुआत में वेडिंग सीजन शुरू होने से पहले ही सोने -चांदी के दामों में गिरावट आई है। अगर आप गोल्ड ज्वेलरी खरीदने की सोच रहे हैं, तो यह बढ़िया मौका हो सकता है। 4 नवंबर दोपहर 12.30 बजे के मुताबिक एमसीएक्स पर 5 दिसंबर एक्सपायरी वाला गोल्ड 120,685 प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड कर रहा था, जो पिछले बंद भाव 121,409 से करीब 724 सस्ता है। यानी सोने में 0.6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। वहीं चांदी की कीमत में भी गिरावट आई है। 4 नवंबर दोपहर 12.32 बजे चांदी 145,924 प्रति किलो पर ट्रेड कर रही थी, जो पिछले बंद भाव 147,758 से 1,834 कम है। यानी चांदी 1.24 प्रतिशत टूटी है। इंडियन बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 4 नवंबर को 24 कैरेट सोना 1,21,010 प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,10,926 पर रहा। चांदी का भाव 1,46,120 प्रति किलो दर्ज हुआ, जिसमें 1.25 प्रशित की गिरावट दिखी। बता दें कि आईबीजेए द्वारा जारी रेट पूरे देश में समान होते हैं।

## फंडिंग के लिए जूझ रही 65 स्वच्छ औद्योगिक परियोजनाएं: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** भारत में इस समय 65 स्वच्छ औद्योगिक परियोजनाएं पाइपलाइन में हैं, जो खरीद समझौतों के अभाव में वित्त पोषण के लिए संघर्ष कर रही है। स्वच्छ उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए गठित अंतर्राष्ट्रीय संगठन इंडस्ट्रियल ट्रांजिशन एक्सलरेटर (आईटीए), बोस्टन कंसल्टिग ग्रुप और भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा यहां आयोजित एक कार्यक्रम में जारी रिपोर्ट में यह बात कही गई है।

'अनलॉकिंग इंडियाज क्लीन इंडस्ट्रियलाइजेशन ऑपर्च्युनिटी' शीर्षक से जारी इस रिपोर्ट में कहा गया है कि इन 65 स्वच्छ परियोजनाओं को साकार करने के लिए 150 अरब डॉलर के निवेश की जरूरत है। इन परियोजनाओं से दो लाख लोगों को रोजगार मिल सकता है। इनमें से 51 परियोजनाएं रसायन उद्योग में, पांच एल्युमीनियम उद्योग में, चार इस्पात उद्योग में, तीन विमानन उद्योग में और दो सीमेंट उद्योग में हैं। कुल 65 में से मात्र चार परियोजनाओं में परिचालन शुरू हो सका है, दो अंतिम निवेश निर्णय के चरण में है। अन्य 59 की घोषणा हो चुकी है लेकिन अभी काम ज्यादा आगे नहीं बढ़ सका है। इसके अलावा कार्यक्रम में आईटीए भारत परियोजना समर्थन कार्यक्रम की भी शुरुआत की गई जिसके तहत आईटीए रिपोर्ट में पहचान की गई परियोजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए बैंक, उद्योग और सरकार के साथ समन्वय करेगा। घरेलू और वैश्विक दोनों स्तरों पर फंड जुटाने के लिए उचित परिस्थितियां बनाने की कोशिश की जाएगी। पूर्व केंद्रीय मंत्री और एवरसोर्स कैपिटल के अध्यक्ष जयंत सिन्हा ने मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में कहा कि विकसित भारत और हरित भारत एक ही सिक्के के दो पहलू हैं और विकसित भारत के लिए हरित भारत अनिवार्य है। हमें नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करना ही होगा। इसके अलावा कोई और विकल्प नहीं है। सिन्हा ने कहा कि यह सच्चाई है कि हरित विकास को उद्योग जगत के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**ऑनलाइन जुआ....**

बैन किया जाए। प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 के तहत देश में रियल मनी गेमिंग पर बैन लगाया जाएगा। यह बिल 20 अगस्त को लोकसभा और 21 अगस्त को राज्यसभा से पास हुआ था। 22 अगस्त को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद अब यह कानून बन गया है। 8 सितम्बर को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र की उस याचिका को मंजूरी दी थी, जिसमें प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग एक्ट, 2025 को चुनौती देने वाली याचिकाओं को तीन हाईकोर्ट से सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर करने की मांग की गई थी, ताकि अलग-अलग फैसलों से बचा जा सके। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सेंटर फॉर अकाउंटेबिलिटी एंड सिस्टमिक चेंज (सीएएससी) और शौर्य तिवारी की उस याचिका पर सुनवाई की, जिसमें सरकार को सोशल और ई-स्पोर्ट्स गेम्स की आड़ में चलने वाले ऑनलाइन जुआ और सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म पर रोक लगाने के निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिका में दावा किया गया है कि ये एप्स पूरे देश में बड़े पैमाने पर सामाजिक और आर्थिक नुकसान पहुंचा रहे हैं। एडवोकेट विराग गुप्ता ने केंद्र को 2,000 सट्टेबाजी और जुआ से जुड़े एप्स की डिटेल्स सौंपीं। गुप्ता ने बेंच को बताया कि 15 करोड़ बच्चों की सुरक्षा के बारे में है। उन्होंने प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग एक्ट, 2025 का जिक्र भी किया। बेंच ने सरकार से याचिकाकर्ता द्वारा दी गई ऑनलाइन गेमिंग एप्स की डिटेल्स पर एक्शन लेने को कहा।

## कौशाल्या नंद गिरि सनातन किन्नर अखाड़ा की पीठाधीश्वर नियुक्त

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय किन्नर अखाड़ा में लगातार हो रहे भेदभाव और अनियमितिता के चलते प्रयागराज में किन्नर अखाड़े में हुई दो फाड़ फाड़ के बाद किन्नर अखाड़े के कई किन्नरों ने महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरी उर्फ टीना मां को सर्वसम्मति से नए किन्नर अखाड़ा का पीठाधीश्वर नियुक्त किया है। सनातन किन्नर अखाड़ा के नाम से बने इस किन्नर अखाड़े की पीठाधीश्वर कौशल्या नंद गिरी उर्फ टीना मां को बनाया गया जबकि पूर्व के किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर भवानी मां इसकी संरक्षक बनी है। इस अवसर पर भव्य कार्यक्रम में जहां टीना मां का पट्टाभिषेक किया गया, वहीं यज्ञ और हवन कर नए अखाड़े का उद्घोष किया गया। इस अवसर पर प्रयागराज सहित उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के कई किन्नर परिवारों के संरक्षक किन्नर गुरु मौजूद रही। उन्होंने साफ तौर से कहा कि इस अखाड़े का उद्देश्य सनातन सभ्यता से जुड़े कर्मकांड को करना है तथा ऐसे लोग जो किन्नर ना होते हुए भी पैसों के बल पर किन्नर अखाड़े को जॉइन कर उसको बदलाव करने में लगे हैं उनसे कितने समाज की रक्षा करना है।

# ठाकुर बांके बिहारी के दरबार में भिड़े श्रद्धालु और पुलिस

वृंदावन, वार्ता

■ पहले राधे-राधे फिर जमकर हुई मारपीट

वृंदावन के ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में मंगलवार की सुबह अजीब स्थिति बन गई। यहां मंदिर में दर्शन कर बाहर निकल रहे श्रद्धालुओं को पहले पुलिस ने रोका और फिर देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें साफ नजर आ रहा है कि पुलिस वाले श्रद्धालुओं को पीटने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं श्रद्धालु भी अपनी ओर से कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

मामला ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में एंट्री गेट का है। जानक. ारी के मुताबिक मंदिर में दर्शन करने के बाद कुछ महिला और पुरुष श्रद्धालु इसी गेट से बाहर निकलने की कोशिश कर रहे थे। वहां गेट पर खड़े पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोक दिया और एग्जिट गेट से बाहर जाने को कहा। चूंकि मंदिर में इतनी भीड़ थी कि एग्जिट गेट तक पहुंचना थोड़ा मुश्किल था, ऐसे में इन श्रद्धालुओं ने पुलिस कर्मियों की बात को नजरअंदाज कर एंट्री गेट से ही आगे बढ़ने की कोशिश की। इसी बात पर पुलिस के साथ टकराव हो गया। बता दें कि कार्तिक महीने की वजह से वृंदावन में श्रद्धालुओं की संख्या काफी बढ़ गई है। वृंदावन आने वाले बांके बिहारी के दर्शन के लिए जरूर आ रहे हैं। ऐसी स्थिति में बांके बिहारी मंदिर में भीड़ बार-बार अनियंत्रित हो जा रही है। इसी क्रम में आज यानी मंगलवार की सुबह जैसे ही मंदिर के पट खुले, भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। इनमें एटा और मैनपुरी से आए श्रद्धालु भी शामिल थे। ये लोग पहले मंदिर में घुसे और दर्शन के बाद उसी गेट से वापस निकलने लगे थे। वहीं जब पुलिस के साथ इन श्रद्धालुओं की झड़प और मारपीट होने लगी, तो अतिरिक्त फोर्स मौके पर भेजा गया। इसके बाद पुलिस ने कुछ श्रद्धालुओं को हिरासत में लेकर चौकी में बैठा दिया है। पुलिस इन सभी श्रद्धालुओं से अभी पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक अभी तक इस संबंध में कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## अफसरशाही जनप्रतिनिधियों पर हावी हो रही: सुमित



**देहरादून।** विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि मैं अटल जी का समर्थक हूं। अंतरिम विधानसभा में कांग्रेस के दो ही सदस्य थे, मेरी माता और केसी बाबा। हमें गर्व होना चाहिए सबने मिलकर उत्तराखंड को संवारा। पहाड़-मैदान की बात करना गलत है। एनडी तिवारी ने अटल जी के साथ मिलकर सिडकुल की स्थापना की, जिससे आज भी लाखों परिवार पल रहे हैं। सिडकुल की कंपनियों में टॉप पोस्ट पर 70 नहीं बमुश्किल 5 प्रतिशत भी नहीं हैं। हमारे बच्चे बाहर जा रहे हैं। अल्मोड़ा जैसे शहर में अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था नहीं है। वहां से हल्द्वानी आना पड़ता है। हमें पहली सरकार से कुछ सीखना है। हमने पहली सरकार में सोर्सिंग की, आज आउटसोर्सिंग की जाती है। हमें सोर्सिंग पर जोर देना होगा। अफसरशाही जनप्रतिनिधियों पर हावी हो रही हैं। अगर यही करना है तो चुनाव क्यों कराते हैं। ये लोकतंत्र है। शाही दौर नहीं।

### रजत जयंती: उत्तराखंड विधानसभा का विशेष सत्र

# कमीशनखोरी के मुद्दे पर छलकी विधायकों की पीड़ा

- सदन में कई विधायकों ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर रखी अपनी बात, सदन आज भी जारी रहेगा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड राज्य गठन के 25 साल पूरे होने पर जहां एक तरफ सरकार रजत जयंती वर्ष के रूप में जश्न मना रही है तो वहीं इन 25 सालों के आत्मचिंतन के लिए विधानसभा का विशेष सत्र आयोजित किया जा रहा है। सत्ता पक्ष व विपक्ष के विधायक अपने-अपने विचार रख रहे हैं। इसके साथ ही प्रदेश ने इन 25 सालों में क्या कुछ खोया और क्या कुछ पाया? इस पर भी सभी विधायकों ने अपनी बात रखी।

मंगलवार को सत्र के दूसरे दिन विपक्ष हो या सत्ता पक्ष, हर कोई ठेकेदारी और कमीशनखोरी पर अपनी पीड़ा व्यक्त करता नजर आया। ठेकेदारी और कमीशनखोरी के खिलाफ विधायकों में भारी रोष देखने को मिला।





## कापड़ी ने लगाया था आरोप

**देहरादून।** उत्तराखंड विधानसभा के विशेष सत्र में खटीमा विधायक भुवन कापड़ी ने विगत दिवस सदन के भीतर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा था, कि विधायक निधि से 15 फीसदी कमीशन काटी जा रही है। ऐसे में भुवन कापड़ी के आरोपों के बाद अब राजनीति भी गरमा गई है। उन्होने कहा था कि 25 साल में राज्य के भीतर भ्रष्टाचार जवान हुआ है। विधायक निधि से 15 फीसदी खुली कमीशन काटी जा रही है।

## जिस गति से विकास होना चाहिए था वो 25 साल में नहीं हो पाया: खजानदास

**देहरादून।** विधायक उमेश शर्मा काऊ ने सदन में कहा कि आज हम सब संतोष में हैं क्योंकि सड़कें, बिजली, पानी जिनकी कभी अपेक्षा नहीं करते थे, वो पूरे हुए। 25 साल में हमने किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान की है। पशुपालन विभाग एक लक्ष्य समृद्धि के लिए काम कर रहा है। पशु चिकित्सक 15 प्रतिशत और पशु सेवा केंद्र 30 फीसदी बढ़े। 13 जिलों के 332 पशु चिकित्सालय बने। वहीं, विधायक खजानदास ने कहा कि मैंने वो दिन भी देखा है जब उत्तराखंड का प्रस्ताव 2 अप्रैल 2000 को यूपी की विधानसभा में प्रस्तुत हो रहा था।

कहा कि हम आज गढ़वाल, कुमाऊं, मैदानी क्षेत्र की बात करते हैं। हमें ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न नहीं करनी चाहिए। मैं पहाड़ का व्यक्ति, भाजपा ने चलना सिखाया। आज देहरादून जैसे शहर का विधायक बना दिया। जिस गति से पहाड़ का विकास होना चाहिए था वो 25 साल में नहीं हो पाया। आने वाले 25 वर्षों में हम इस राज्य को शहीदों के सपने का प्रदेश बना सकते हैं।

## 15 फीसदी कमीशन के बिना नहीं होता ठेकेदार का भुगतान: उमेश



खानपुर से विधायक उमेश कुमार ने भी विधायक निधि से 15 फीसदी कमीशन काटने का मुद्दा उठाते सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सदन में इस पर आत्मचिंतन करना होगा। विधायक निधि में जाने वाले कमीशन को खत्म करना होगा। हम लोग भी भ्रष्टाचार को जन्म दे रहे हैं। सदन में भाषण देने से राज्य को सुधार नहीं सकते। 25 सालों में ब्लॉक से सचिवालय तक भ्रष्टाचार अपनी जड़ें जमा चुका है। ब्लॉक का सचिव हो, वीडीओ हो, सीडीओ हो, उनके बीच में जो अधिकारियों की चैन हो, जब तक विधायक निधि से किए गए कामों का 15 फीसदी कमीशन का भुगतान नहीं होता, तब तक ठेकेदार का भुगतान नहीं होता है। विधायक निधि में 25-30 फीसदी पहले ही चला जाता है। 15 फीसदी अधिकारी ले जाता है। 10-15 फीसदी ठेकेदार कमा लेगा तो 30-40 फीसदी में क्या काम की उम्मीद कर सकते हैं।

## विधायक निधि में भ्रष्टाचार की जांच होनी चाहिए: प्रीतम



**देहरादून।** विधानसभा सत्र के दूसरे दिन भ्रष्टाचार के मामले पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस विधायक प्रीतम सिंह ने भी अपना पक्ष सदन के अंदर रखा। उन्होने कहा कि अगर कोई विधायक आरोप लगा रहा है तो उसकी जांच की जानी चाहिए। अगर साथी विधायक ने विधायक निधि में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं तो उसकी भी जांच होनी चाहिए, लेकिन जो भी विधायक इसमें लिप्त है तो फिर उनको भी अपने गिरेबान में झांकने की जरूरत है।

## विधायक के लगाए गए आरोप की जांच जरूर होगी: सुबोध



संसदीय कार्य मंत्री सुबोध उनियाल ने साफतौर पर कहा कि इस तरह की बातें कभी सामने नहीं आई। यह जांच का विषय हो गया है। मेरे सामने कभी ऐसी बात नहीं आई। सदन के भीतर कुछ भी बोलने से पहले सोच समझ कर बोलना चाहिए।अब विधायक ने आरोप लगाया है तो फिर इसकी जांच जरूर की जाएगी। सुबोध उनियाल ने कहा कि आज जो भी विपक्ष के विधायक अपनी बात उठा रहे हैं, उसमें केवल एक ही राजनीतिक दल जिम्मेदार नहीं है। पिछले 25 सालों में कांग्रेस को भी शासन करने का मौका मिला है, केवल शासन ही नहीं बल्कि, राज्य गठन के बाद पहली सरकार कांग्रेस की थी। जिसमें कांग्रेस को उत्तराखंड के विकास की नींव रखने का मौका मिला था। ऐसे में कांग्रेस ने क्या कुछ किया, उसका भी प्रति. बंब 25 सालों बाद देखने को मिल रहा है।

## सीएम ने गुरुनानक जयंती व कार्तिक पूर्णिमा पर दी शुभकामनाएं

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूनानक की जयंती व कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि सिख धर्म के प्रथम गुरू गुरूनानक देव ने हमें सच्चाई, न्याय और मानवता की राह पर चलने की प्रेरणा दी है। उन्होंने कहा कि गुरूनानक देव ने समाज की बुराईयों को दूर करने के लिए अपने उपदेशों एवं शिक्षा के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। गुरूनानक जी के उपदेश हमें समाज में भाईचारा, सद्भाव और आपसी एकता को बढावा देने की भी प्रेरणा देते हैं।

## जोशी ने गिनाई सैनिक कल्याण विभाग की उपलब्धियां



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने पृथक राज्य आंदोलन में मातृशक्ति की अहम भूमिका का स्मरण करते हुए राज्य निर्माण के सभी आंदोलकारियों और बलिदानियों को नमन किया। जोशी ने कहा कि अगर मैं फौज का सिपाही नहीं होता तो आज विधायक और मंत्री भी नहीं होता। उन्होंने राज्य स्थापना के 25 वर्षों में सैनिक कल्याण विभाग की उपलब्धियों को साझा करते हुए बताया कि वर्ष 2000 में विभाग का बजट मात्र 4.26 करोड़ था, जो अब बढ़कर 80.50 करोड़ हो गया है, यानी लगभग 19 गुना वृद्धि। मंत्री जोशी ने बताया कि राज्य गठन के समय विभाग में 1,36,000 पूर्व सैनिक एवं आश्रित पंजीकृत थे, जो अब बढ़कर 1,92,000 हो गए हैं, इसमें 41 प्रतिशत वृद्धि हुई है। वहीं, सैनिक विश्राम गृहों की संख्या भी 18 से बढ़कर 36 हो गई है, जो हमारे वीर सैनिकों के सम्मान और सुविधाओं के प्रति सरकार की गंभीरता दर्शाती है। उन्होंने कहा कि परमवीर चक्र विजेताओं को दी जाने वाली एकमुश्त अनुदान राशि को 2 लाख से बढ़ाकर 1.50 करोड़ कर दिया गया है। यह 75 गुना वृद्धि है। इसी प्रकार, वर्ष 2014 से शहीद सैनिकों के आश्रितों को दी जाने वाली अनुदान राशि 10 लाख से बढ़ाकर अब 50 लाख कर दी गई है, जो 5 गुना वृद्धि है।

## प्रकृति व संस्कृति पर आधारित फोटो प्रदर्शनी में उभरी रचनात्मक झलक

- पर्यटन विभाग की फोटो प्रतियोगिता के परिणाम घोषित, उमेश गोगना व हिमांशु जोशी ने जीता खिताब

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर पर्यटन विभाग की और से ऑन लाइन फोटो प्रतियोगिता के परिणाम घोषित कर दिये है। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी व अपर निदेशक पर्यटन पूनम चंद ने बताया कि फोटो प्रतियोगिता में 295 प्रतिभागियों की और से तीन हजार फोटोग्राफ्स भेजे गये थे। रिसके बाद निर्णायक मंडल ने परिणाम घोषित कर दिये है।

पर्यटन सचिव धीराज सिंह गर्ब्याल ने कहा कि उत्तराखंड की मनमोहक वादियों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाने वाली एक फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में देशभर के नामी फोटोग्राफरों ने भाग लेकर राज्य की सुंदरता को अपने कैमरे में कैद किया। इस मौके पर निर्णायक मंडल में पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त अनुप शाह, अनिल रिसाल सिंह व प्रसिद्ध छायाकार व सिनेमैटोग्राफर राजेश बेदी शामिल रहे। निर्णायकों ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि उत्तराखंड की प्राकृतिक और सांस्कृतिक विविधता को तस्वीरों में उतारना एक प्रेरणादायक अनुभव रहा।

दो श्रेणियों में हुआ पुरस्कार वितरण प्रदर्शनी में दो विषयों पर प्रतियोगिता आयोजित की गई गई, जिसमें लैंडस्केप ऑफ उत्तराखंड व कल्चरल हेरिटेज ऑफ उत्तराखंड शामिल रहा। लैंडस्केप ऑफ उत्तराखंड में प्रथम स्थान उमेश गोगना, द्वितीय स्थान हिमांशु जोशी, तृतीय स्थान अरूप भट्टाचार्य व सांत्वना पुरस्कार राहुल गूहा, पंकज शर्मा को मिला, वहीं, कल्चरल हेरिटेज ऑफ उत्तराखंड में हिमांशु जोशी ने प्रथम स्थान हासिल किया। मुकेश पांडे को द्वितीय स्थान, मयंक कपकोटी को तृतीय स्थान मिला। इसके अलावा सांत्वना पुरस्कार दीप राजवार, अमित उनियाल, सतीश एच, राजेंद्र सिंह बिष्ट, मिस नीता मोंडल, चेतन कपूर को दिया गया।



# 46 करोड़ 24 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण

- राज्य स्तरीय शहरी विकास सम्मेलन का मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्जवलित कर किया शुभारम्भ




**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** राज्य स्थापना रजत जयंती पर काशीपुर में प्रथम राज्य स्तरीय शहरी विकास सम्मेलन का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दीप प्रज्जवलित शुभारम्भ किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने 46 करोड़ 24 लाख के विकास कार्यों लोकार्पण एवं शिलान्यास किया तथा दिव्यांग सशद्रिकरण कौशल विकास वाहन व नगर निगम काशीपुर की 14 कूड़ा एकत्रित करने वाले वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री धामी ने राज्य स्थापना के राजतोत्सव के अवसर पर आयोजित विशिष्ट सम्मेलन में उपस्थित प्रदेश की 'शहरी सरकार' के सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का अभिनंदन किया। उन्होंने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि अत्यंत हर्ष का विषय है कि हमारा गौरवशाली राज्य अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण करने जा रहा है और 25 वर्षों कीगौरवमयी यात्रा में हमारे राज्य ने अनेकों चुनौतियों का सामना करते हुए विकास, समृद्धि और सुशासन के नए नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य निर्माण के समय शहरी विकास विभाग का बजट जहाँ केवल 55 करोड़ रुपये था, वहीं आज ये बढ़कर 13 सौ करोड़ रुपये से भी अधिक हो गया है। उन्होंने कहा कि इन बीते 25 वर्षों में हमारे शहरों ने न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान की है, बल्कि रोजगार और स्वरोजगार के अनगिनत अवसर भी सृजित किए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाखों गरीब परिवारों को अपने खुद के पक्के घर प्राप्त हुए हैं। श्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन और सहयोग से हमारी राज्य सरकार भी उत्तराखंड के विकास को एक नई दिशा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हमने एक ओर जहां राज्य में निराश्रित गौवंशों को आश्रय प्रदान करने के उद्देश्य से आश्रय योजना प्रारम्भ की है। वहीं, स्थानीय निकायों में श्वानों की बढ़ती संख्या की रोकथाम हेतु एनिमल बर्थ कंट्रोल योजना की भी शुरुआत की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम केदारखंड की भांति ही मानसखंड के पौराणिक मंदिरों के पुनरुत्थान एवं सौंदर्यीकरण हेतु भी संकल्पित होकर कार्य कर रहे हैं। इसी क्रम में हमने जहां एक ओर काशीपुर के चैती मंदिर को मानसखंड कॉरिडोर का हिस्सा बनाया है। वहीं हम यहां के विभिन्न प्राचीन मंदिरों और शिवालयों के पुनर्निर्माण और सौंदर्यीकरण हेतु भी निरंतर प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से काशीपुर के समग्र विकास को सुनिश्चित करने हेतु भी पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हम जहां एक ओर काशीपुर में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण करा रहे हैं, वहीं ठोस कचरा प्रबंधन परियोजना के अंतर्गत आधुनिक ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण भी कर रहे हैं। इतना ही नहीं, इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर सृजित करने एवं स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से 1100 करोड़ रुपए की लागत से औद्योगिक हब परियोजना एवं 100 करोड़ की लागत से अरोमा पार्क परियोजना भी संचालित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने प्रदेश में मदरसा बोर्ड को भी खत्म कर दिया है। इसके पूरी तरह लागू होने के बाद 1 जुलाई 2026 से हमारे प्रदेश में वे मदरसे बंद हो जाएंगे, जिनमें हमारे सरकारी बोर्ड का पाठड क्रम नहीं पढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब जब राज्य 25 वर्ष पूरे कर रहा है, तो अगले 25 वर्ष हमें स्वर्णिम उत्तराखंड की दिशा में आगे बढ़ना है। एक ऐसा उत्तराखंड जो आत्मनिर्भर हो, पर्यावरण के अनुकूल हो और अवसरों से परिपूर्ण हो। इस दौरान मेयर दीपक बाली ने मुख्यमंत्री का धान्यवाद करते हुए कहा कि शहरी विकास विभाग द्वारा आयोजित यह सम्मेलन वास्तव में नगर निकायों की वास्तविक जरूरतों और चुनौतियों को सामने लाने का एक सशक्त मंच है। महापौर ने सीएम के सम्मुख तीन प्रमुख बिंदु भी रखे। विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, सचिव शहरी विकास नितेश कुमार झा ने सम्बोधित किया। संचालन निदेशक शहरी विकास विनोद गिरी गोस्वामी ने किया। इस अवसर पर राज्य सभा सदस्य महेंद्र भट, दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू, ?रजाना बेगम, मुकेश कुमार प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार, दीप्ती रावत, गुंजन सुखीजा, जिलाध्यक्ष मनोज पाल, महापौर गजराज बिष्ट, शम्भू पासवान, कल्पना देवलाल, शैलेन्द्र सिंह रावत, अजय वर्मा, गुरविन्दर सिंह चण्डोक, आशीष गुप्ता, खिलेन्द्र चौधारी, लवीश अरोरा, राजकुमार यादव सहित जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा व सहित निकयों के अध्यक्ष व अधिकारी मौजूद थे।

## काशीपुर में दूसरे आरोग्य मंदिर का शुभारंभ

**काशीपुर।** काशीपुर के विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आज रामनगर रोड स्थित आईएमए परिसर में दूसरे आरोग्य मंदिर का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर शहरी विकास विभाग के सचिव नितेश कुमार झा, निदेशक विनोद गिरी गोस्वामी और काशीपुर के महापौर दीपक बाली सहित रुद्रपुर के महापौर विकास शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस आरोग्य मंदिर में आम जनमानस के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे नगरवासियों को प्राथमिक उपचार और स्वास्थ्य जांच की बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। कार्यक्रम के दौरान एमएनए रविन्द्र बिष्ट, एसएनए कमल मेहता, विनोद लाल शाह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी अमरजीत साहनी, डॉ. अशोक चौहान, एसआई मनोज बिष्ट, पार्षद पुष्कर सिंह बिष्ट, प्रकाश नेगी, भाजपा नेता अमित सिंह, नगर निगम कार्यालय अधीक्षक विकास शर्मा, शिवेंद्र खनायत समेत बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं नगर निगम कर्मचारी उपस्थित रहे। शहरी विकास सम्मेलन के दूसरे चरण में प्रदेशभर से आए नगर निकायों के अध्यक्षों ने सचिव शहरी विकास विभाग एवं निदेशक के समक्ष अपनी-अपनी समस्याओं को रखा। इस दौरान रामनगर के अध्यक्ष हाजी अकरम ने कहा कि जनप्रतिनिधि जनता के बीच से संघर्ष कर आते हैं, इसलिए उनकी ओर से रखी गई समस्याओं को गंभीरता से लिया जाए और जल्द समाधान सुनिश्चित किया जाए। सुदूर पर्वतीय क्षेत्रों से आए जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी समस्याएं रखीं और विकास योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा की। काशीपुर के महापौर दीपक बाली ने नगर निकायों से जुड़ी अनेक समस्याओं को सचिव शहरी विकास विभाग के समक्ष उठाया। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं के समाधान से नगर निकायों को मजबूती मिलेगी और विकास के क्षेत्र में नई दिशा प्राप्त होगी।

## ज्ञानार्थी कॉलेज ने कुमाऊं विश्वविद्यालय में लहराया परचम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** गिरिताल रोड स्थित ज्ञानार्थी कॉलेज ने कुमाऊं बिश्वविद्यालय में अपना परचम लहराया दिया है। आपको बता दें उत्तराखंड निर्माण के इस साल 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं, जिसके चलते उत्तराखंड सरकार द्वारा अपनी सिल्वर जुबली बहुत धूमधाम से मनाई जा रही है। इसी के चलते दून यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता में कुमाऊं बिश्वविद्यालय के अंतर्गत ज्ञानार्थी कॉलेज ने प्रथम स्थान हासिल किया है। डिपार्टमेंट ऑफ़ मास कम्युनिकेशन के पोस्ट ग्रेजुएशन से माणिक गुप्ता इस फ़िल्म के निर्देशक रहे और यूजी विभाग से निशा रावत, पंकज रावत व बीए एनीमेशन एन डिज़ाइन से यशस्वी कांडपाल और पीयूष पाठक रहे। इस फ़िल्म के अंदर उत्तराखंड के 25 वर्षों की उड़ान की कहानी दर्शायी गई। इस नई उपलब्धता के लिए कॉलेज के चेयरमैन संतोष मेहरोत्रा, वाईस चेयरमैन निभा मेहरोत्रा, सचिव शिवानी मेहरोत्रा, संस्थान प्रमुख प्रतिमा सिंह, डायरेक्टर एकेडेमिक्स डॉ मनोज मिश्रा एवं सभी कॉलेज के शिक्षकों ने पूरी टीम को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## पिस्टल, तमंचों व कारतूसों के साथ एक युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध नियंत्रण और अपरा. धियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थानाध्यक्ष आईटीआई के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर एक युवक पिस्टल, तमंचों व कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया गया है। मामले की जानकारी देते हुए एसएसपी मणिकांत मिश्र ने बताया कि शिवलालपुर अमर झंडा गुलड़िया रोड से रामपुर मानपुर दत्त गांव को जाने वाली सड़क पर मौ. आलिम पुत्र मौ. हनीफ निवासी ग्राम बांसखेड़ा थाना आईटीआई जनपद उधम सिंह नगर को एक थैले के अंदर से 01 पिस्टल सेल्फ फैक्ट्रीमेड 32 बोर मय 01 खोखा कारतूस 32 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 32 बोर तथा 02 अदद तंमचे 315 बोर मय 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया। पकड़े गए अभी द्वारा बताया कि मुझे यह पिस्टल, तमंचे अपने ही गांव के मोहम्मद कासिम पुत्र स्व. अब्दुल सलीम निवासी ग्राम बांसखेड़ा थाना आईटीआई उधम सिंह नगर ने दिए थे। जिनको अभियुक्त मोहम्मद कासिम के बताए अनुसार देकर चला आता था। पार्टी से पैसे मोहम्मद कासिम स्वयं लेता है। उसके बदले मौ. अलीम को 1500 से 2000 रूपये देता है। अभियुक्त नशा करने का आदि है। थाना आईटीआई पर धारा 3/25 आर्मस पंजीकृत कराया गया है। एसएसपी ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व से भी अभियोग पंजीकृत जिनके बारे में पता किया जा रहा है।

## झूला पुल खोलने और सड़कों की मरम्मत की मांग को लेकर व्यापार मंडल ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**



**बागेश्वर।** नगर व्यापार मंडल बागेश्वर और जिला व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने प्रदेश संगठन मंत्री की अगुवाई में मंगलवार को जिलाधिकारी बागेश्वर से मुलाकात कर नगर की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया। अध्यक्ष सूरज जोशी के नेतृत्व में व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कहा कि सरयू नदी पर बने झूला पुल के लंबे समय से बंद होने के कारण क्षेत्र के व्यापारियों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। व्यापारियों की दुकानें प्रभावित हैं और कई दुकान संचालक किराया तक नहीं दे पा रहे हैं। व्यापार मंडल ने झूला पुल को शीघ्र खोलने की मांग की। इसके साथ ही चौरासी क्षेत्र में सड़क की दीवार टूटने आवागमन बाधित होने की बात कही। कहा कि बरसात के सीजन में सड़क टूटने से वहां से आज तक भरी वाहनों का आवागमन नहीं हो पा रहा है। साथ विकास भवन से नुमाइश खेत तक सड़क खस्ताहाल में तब्दील हो चुकी है। प्रतिनिधियों ने बताया कि विवाह सीजन के चलते आवागमन बाधित होने से क्षेत्र का व्यापार प्रभावित हो रहा है। अत: सड़क की मरम्मत तत्काल कराए जाने की मांग की गई। इधर जिलाधिकारी आकांक्षा कोड़े ने दोनों समस्याओं के समाधान के लिए शीघ्र कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में सचिव देवेंद्र अधिक. ारी, उपाध्यक्ष गिरीश बिष्ट, माया गडियां, कोषाध्यक्ष आलोक साह, जिला महामंत्री अनिल कार्की, जिला संगठन मंत्री मनीष पांडे, प्रदेश संगठन मंत्री हरीश सोनी सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## विवाह पंजीकरण विशेष शिविर का आयोजन किया गया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** समान नागरिक संहिता विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, वोटर आई,डी, कार्ड, ई श्रम कार्ड, पासपोर्ट, पैन कार्ड आदि प्रमाण पत्र अप्लाई किए गए। इस शिविर लगभग सैकड़ों लोग पहुंचे इस दौरान शिविर टीम में रविन्द्र नाथ गोस्वामी, माणिक जोशी, अर्पित सिंह बिष्ट, प्रति पाल सहित भाजपा नेता मेहमूद हसन बंजारा, समाजसेवी हाजी शाकिर हुसैन, शहजाद हुसैन, रानी, सबनुर आदि ने शिविर में सहयोग किया।




विवाह पंजीकरण विशेष शिविर का आयोजन किया गया शिविर का सैकड़ों लोगों ने लाभ उठाया। मंगलवार को वार्ड नंबर 4 में सभासद नसीम जहां के निवास पर एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया शिविर में विशेष रूप से

## एक नजर

### 16 साल बाद बनकोट रामलीला का भव्य समापन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** बागेश्वर जनपद के कमस्यारघाटी क्षेत्र से लगा हुए बनकोट में 16 साल के बाद शुरू हुई बनकोट रामलीला का मंगलवार को समापन हो गया है। समापन अवसर पर तिलपात्र हवन और भंडारे के साथ यज्ञ का आयोजन किया हुआ। जिसमें सभी क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। इस मौके पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष डा गणेश बनकोटी, संयोजक पूर्व कर्नल राजेंद्र बनकोटी,शिवराज बनकोटी,उत्तम बनकोटी, चंचल बनकोटी, आनंद बनकोटी ने सफल आयोजन के लिए सभी क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया।

### क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर क्षेत्र पंचायत सदस्य ने राज्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**बागेश्वर।** क्षेत्र पंचायत सदस्य चलकाना लखमारा पुड़कूनी भगवती गढ़िया ने दर्जा राज्य मंत्री भूपेश उपाध्याय को क्षेत्रीय समस्याओं के संबंध में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से सदस्य ने क्षेत्र में व्याप्त समस्याएं पेयजल, जंगली जानवर, ख्रषि के संदर्भ में कई समस्याएं बताई। जिस पर राज्य मंत्री उपाध्याय प्राप्त समस्याओं का सम्बंधित विभागों के विभागाध्यक्षों से वार्ता कर समाधान करने का भरोसा दिलाया। भगवती गढ़िया, धीरज गढ़िया, खुशहाल दानू, रघुवर देव, करम मेहता, गीता मेहता, प्रमोद बघरी, दयाल दानू, उमेद गढ़िया, आदि ने जल्द समस्याओं का समाधान करने की मांग की गई।

### सूर्य मंदिर में हुआ सामूहिक योगाभ्यास

**अल्मोड़ा।** रजत जयंती उत्सव को लेकर मंगलवार को प्रसिद्ध सूर्यमंदिर कटारमल परिसर में योग का सामूहिक अभ्यास किया गया। इस आयोजन में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने भी प्रतिभाग किया। योग प्रशिक्षकों ने विभिन्न योग आसनों का अभ्यास कराया। इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि योग के माध्यम से व्यक्ति के जीवन में स्वास्थ्य, संतुलन और सकारात्मकता लाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि योग हमारी प्राचीन भारतीय परंपरा का वह उपहार है जिसने पूरी दुनिया को स्वास्थ्य का नया मार्ग दिखाया है। यहां डीएम अंशुल सिंह, सीडीओ रामजी शरण शर्मा, एडीएम युक्ता मिश्र, एसडीएम सदर संजय कुमार, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. शाहिद आदि रहे।

### डीएम ने कटारमल स्थित सूर्य मंदिर का निरीक्षण किया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने मंगलवार को विश्व प्रसिद्ध सूर्य मंदिर कटारमल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जलीय स्रोत के पास सूर्यकुण्ड और चंद्र कुंड के बार में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने डीएम को बताया कि यहां स्थित नौले से बने हुए सूर्य कुंड और चंद्र कुंड दयनीय स्थिति में है। इनका कायाकल्प होना जरूरी है। डीएम ने कहा कि यह स्रोत स्थानीय लोगों के लिए पेयजल के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों के लिए निर्देश जारी किए कि जल्द से जल्द इसके संरक्षण के लिए कार्य योजना बनाई जाए। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि जल्द ही नौले व यहां स्थित सूर्य और चंद्र कुंड का कायाकल्प किया जाएगा। इसके अलावा डीएम ने महारुद्रेश्वर मंदिर के मार्ग का ड्रोन सर्वे करने और मंदिर मार्ग की ड्रोन वीडियो फुटेज उपलब्ध करने के निर्देश दिए। डीएम के निर्देश पर जिला सूचना अधिकारी सत्यपाल सिंह के नेतृत्व में ड्रोन टीम ने समूचे मार्ग और मंदिर का भ्रमण कर ट्रैक की ड्रोन फुटेज तैयार की। यहां निरीक्षण में डीडीएमओ विनीत पाल, तहसीलदार ज्योति धपवाल समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### डीडीए के विरोध में समिति का धरना-प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** जिला विकास प्राधिकरण के खिलाफ संघर्ष समिति ने मंगलवार को साप्ताहिक धरना दिया। इस दौरान सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर पर्वतीय जनता की उपेक्षा का आरोप लगाया। नगर के मालरोड स्थित गांधी पार्क में आयोजित धरना प्रदर्शन में वक्ताओं ने कहा कि डीडीए किसी भी तरह से पहाड़ की भौगोलिक परिस्थिति के अनुक. ूल नहीं है। इसके लगने से लोगों को परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। जबकि संघर्ष समिति लंबे समय से डीडीए के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर रही है। लेकिन सरकार के कानों में जू तक नहीं रेंग रही है। पर्वतीय क्षेत्रों में जिला विकास प्राधिकरण समाप्ति का शासनादेश जारी नहीं होने तक धरना प्रदर्शन जारी रखने की चेतावनी दी। यहां समिति के संयोजक व पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, हेम चंद्र तिवारी, प्रताप सिंह सत्याल, अख्तर हुसैन, ललित मोहन पंत, चंद्र कान्त जोशी, भारत रत्न पांडेय, रॉबिन मनोज भंडारी, गोविंद बल्लभ, मोहन चंद्र कांडपाल, लक्ष्मण सिंह ऐठानी, प्रतेश कुमार पांडे आदि मौजूद रहे।

## कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**पंतनगर।** विश्वविद्यालय में केंद्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली, मेरठ द्वारा वित्त पोषित अखिल भारतीय समन्वित शोध परियोजना- फ्जिवाल के अन्तर्गत ग्राम संजय नगर ।। में ख्रषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शि. विर का उद्घाटन डा. शिव प्रसाद, प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, पशु चिकित्सा एवं प्रसूति (वीजीओ) विभाग द्वारा किया गया। डा. शिव प्रसाद ने सभी गोपालकों एवं परियोजना टीम सदस्यों को उत्साहवर्धन के साथ-साथ पशु प्रबंधन के मुख्य बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान डा. सी. बी. सिंह, परियोजना अधिकारी द्वारा परियोजना के उद्देश्य के साथ-साथ स्फल पशुपालन के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डा.बीएन शाही प्राध्यापक, पशु प्रजनन विभाग द्वारा गाभिन बछियों की प्रसव पूर्व एवं प्रसवोपरांत देखभाल एवं जानकारी पर प्रकाश डाला व डा. बृजेश सिंह, प्राध्यापक, पशु उत्पादन एवं प्रबंधन विभाग द्वारा प्रसवोपूर्व एवं प्रसवोपरान्त गायों का वैज्ञानिक पोषण गाय एवं गोवत्सों की देख-रेख एवं आवास व्यवस्था सम्बन्धित समस्याओं के समाधान के साथ-साथ पशुपालन के सभी तकनीकी आयामों को अपनाकर उन्नत पशु पालन करने एवं पशुओं के साथ अंगी-अंगा का भाव रखने की सलाह दी गयी। प्रशिक्षण के दौरान प्रति किसानों को खनिज मिश्रण, अन्त: एवं वाह्य परजीवी नाशक दवाओं आदि सामग्री का वितरण किया गया।

## पंतनगर विश्वविद्यालय कार्मिको की क्रिकेट टीम हिसार रवाना

**पंतनगर।** विश्वविद्यालय के कार्मिको की 16 सदस्यीय टीम लाला लाजपतराय पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान विश्वविद्यालय, हिसार (हरियाणा) में 6-15 नवम्बर 2025 तक आयोजित टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता हेतु आज रवाना हो गयी। टीम को अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. ए. एस. जीना ने शुभकामनाएं देते हुए खेल भावना से खेलने की अपेक्षा की। टीम का नेतृत्व अजीत सिंह यादव के साथ पवन सोलंकी, नीरज कुमार, नीरज भट्ट, कुंदन राय, ललित जोषी, उमेष कुमार, संदीप रमोला, शैलेन्द्र कुमार सिंह, वजीर अहमद, हर्षित कुमार, राजेंद्र उराव, सुनील कुमार एवं अपूर्व शंकर सिंह होंगे।

## राज्य स्थापना दिवस से पहले बच्चों के लिए योग शिविर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** राज्य स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर जिला यूनानी विभाग द्वारा मंगलवार को स्थानीय आनंदी एकेडमी स्कूल घिरौली में योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बच्चों को योग सीखते हुए युग के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में जिला आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डा. निष्ठा शर्मा कोहली ने कह कि योग हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण अंग है। हमें नित्य योग कर निरोगी बनना है। इसके साथ ही उन्होंने आयुर्वेदिक परिचर्या, पोषण, नशामुक्ति तथा स्वस्थ जीवन शैली की जानकारी दी। कार्यक्रम में कुल 130 छात्र-छात्राओं के साथ-साथ विद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने भाग लेकर योगाभ्यास किया तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने एवं नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। शि. विर का संचालन डा. प्रीति टम्टा, योग अनुदेशक नंदन नगरकोटी, कविता परिहार एवं नाजिम के द्वारा किया गया।



कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक मनमोहन भाकुनी, प्रधानाचार्य गौरव पंत, शिक्षकगण एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## महिला से मोबाइल छीनकर भागने वाला उचक्का गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** बच्चे के स्कूल जा रही महिला के हाथ से मोबाइल छीन कर भागे बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्त के खिलाफ पूर्व में गैंगस्टर समेत नौ मुकदमे दर्ज हैं। नई बस्ती विजय नगर निवासी नंदन सिंह की पत्नी मीना बिष्ट ने एक नवंबर को कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि बीती 31 अक्टूबर को दोपहर करीब सवा दो बजे वह चामुंडा विहार के पास से स्कूल जा रही थीं। तभी बाइक सवार एक बदमाश ने उसका मोबाइल छीना और भाग गया। पुलिस ने केस दर्ज कर सीसीटीवी कैमरे खंगाले। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अजीम पुत्र नासिर निवासी मोहल्ला महेशपुरा लक्ष्मीपुर पट्टी थाना साबिक को गिरफ्तार किया। आरोपी से पुलिस ने महिला का मोबाइल व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार अभियुक्त कोतवाली काशीपुर का हिस्ट्रीशीटर है। उसके विरुद्ध पूर्व से कोतवाली काशीपुर में चोरी, लूटपाट, गैंगस्टर एक्ट सहित कुल नौ मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस टीम में उप निरीक्षक कौशल भाकुनी, गिरीश चंद्र, कांस्टेबल गिरीश मठपाल, प्रेम कनवाल, ईश्वर सिंह शामिल रहे।

# राज्य स्थापना दिवस पर हिमालयन टूरिज्म फेस्ट

- पर्यटन और सांस्कृतिक गतिविधियों से सजी रजत जयंती
- स्थानीय अर्थव्यवस्था और युवाओं के लिए अवसरों की चर्चा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**



**बागेश्वर।** उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की 25वीं वर्षगांठ (रजत जयंती समारोह) के अवसर पर पर्यटन विभाग के तत्वावधान में कौसानी में हिमालयन टूरिज्म फेस्ट थीम पर विविध पर्यटन एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या, दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट, भूपेश उपाध्याय और मुख्य विकास अधिकारी आर.सी. तिवारी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर एवं रिबन काटकर किया। इस अवसर पर बर्ड वॉचिंग, नेचर फोटोग्राफी प्रदर्शनी, स्थानीय व्यंजन प्रतियोगिता, माउंटेन साइक्लिंग और ट्रैकिंग जैसी आकर्षक साहसिक गतिविधियां आयोजित की गईं। स्थानीय व्यंजन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने पहाड़ी स्वाद का मनमोहक प्रदर्शन किया, वहीं नेचर फोटोग्राफी प्रदर्शनी में हिमालय की अद्भुत छटा को कैमरे में कैद किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या ने इस आयोजन को स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने वाला कदम बताया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की पहचान उसकी प्राकृतिक सुंदरता और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत में निहित है। ऐसे आयोजन युवाओं को रोजगार के अवसर देने के साथ-साथ कौसानी को प्रमुख पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करेंगे। दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि पर्यटन राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। इस प्रकार के आयोजनों से स्थानीय कलाकारों, कारीगरों और व्यंजन विशेषज्ञों को पहचान और प्रोत्साहन मिलेगा। भूपेश उपाध्याय ने कहा कि राज्य सरकार इको-टूरिज्म और एडवेंचर टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे विकास और प्रकृति में संतुलन स्थापित हो सके। उन्होंने राज्य स्थापना दिवस पर सभी प्रदेशवा. सियों को बधाई भी दी। कार्यक्रम में पर्यटन अधिकारी पी.के. गौतम, संजय परिहार, घनश्याम जोशी आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

### स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

**अल्मोड़ा।** एसएसपी देवेंद्र पींचा के निर्देशन में ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत पुलिस का जिलेभर में चे. कंग अभियान जारी है। पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान लोअर मालरोड स्थित सिमकनी मैदान के पास एक युवक को स्मैक के साथ दबोच लिया। युवक के कब्जे से 8.45 ग्राम स्मैक बरामद की। इसके बाद पुलिस ने युवक पर एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई की है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार अल्मोड़ा पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने लोअर मालरोड के पास चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान सिमकनी मैदान के पास एक युवक संदिग्ध दिखाई दिया। तलाशी लेने पर आरोपी सोहिल सैफी पुत्र मुस्ताक अहमद, निवासी बरेली रोड जोशी विहार वार्ड नंबर 59 हल्द्वानी जिला नैनीताल के कब्जे से 8.45 ग्राम स्मैक बरामद की गई। बरामद स्मैक की कीमत करीब 2 लाख 53 हजार 500 रुपये आंकी गई रुपये आंकी गई।

## तहसील दिवस में समस्याओं का निस्तारण




**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जन समस्याओं के निस्तारण के लिए जिला प्रशासन द्वारा मंगलवार को तहसील मुख्यालय सभागार में उपजिलाधिकारी अनिल कुमार चन्याल की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान फरियादियों ने राशन कार्ड, विद्युत, सिंचाई, आर्थिक सहायता, पेयजल आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं एवं शिकायतें दर्ज कीं। अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि शेष प्रकरणों को निर्धारित समय-सीमा में निस्तारित करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए गए। एसडीएम ने अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि किसी भी फरियादी को अपनी समस्या के समाधान के लिए अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें। तहसील दिवस में तहस. ीलदार दलीप सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी जी.बी. पांडे, समाज कल्याण विभाग के गिरीश न्यूनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# बुद्धि के साथ नैतिकता और चरित्र निर्माण जरूरी

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कुमाऊं विश्वविद्यालय के 20वें दीक्षांत समारोह में प्रतिभाग किया, विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक व उपाधियां प्रदान की

❑ अपने ज्ञान को सेवा, सत्यनिष्ठा और संवेदना के साथ जोड़े विद्यार्थी: राज्यपाल




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के 20 वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस दौरान राष्ट्रपति ने विवि के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और उपाधियां प्रदान की। दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि शिक्षा किसी भी राष्ट्र के विकास की नींव होती है इसलिए शिक्षा का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों की बुद्धि और कौशल का विकास करना ही नहीं बल्कि उनके नैतिक बल और चरित्र को भी सुदृढ़ करना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा हमें आत्मनिर्भर बनाती है साथ ही हमें विनम्र होना और समाज व देश के विकास में योगदान देना सिखाती है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपनी शिक्षा को वंचित वर्गों की सेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्य में समर्पित करें। उन्होंने कहा कि यही सच्चा धर्म है जो उन्हें सच्चा सुख और संतोष प्रदान करेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की सबसे तेजी से विकसित होती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। सरकार निरंतर प्रगति सुनिश्चित करने के लिए अनेक नीतिगत पहल कर रही है। ये पहल युवाओं के लिए अनेक अवसर उत्पन्न कर रही हैं। उच्च शिक्षण संस्थानों को चाहिए कि वे युवाओं को इन अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें। राष्ट्रपति ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य की प्राप्ति में कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल जैसे संस्थानों के युवा विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि अपनी प्रतिभा और समर्पण की शकति से ये युवा अपने दायित्व को अवश्य पूरा करेंगे।

इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने कहा कि आज का यह अवसर हम सभी के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है कि इस दीक्षांत समारोह में हमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का सानिध्य और मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। उन्होंने देवभूमि उत्तराखण्ड में पूरे प्रदेश वासियों की ओर से राष्ट्रपति का हार्दिक अभिनंदन और स्वागत किया। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से कहा कि आपके हाथों में जो उपाधि है यह तभी सार्थक होगी जब आप इसे सेवाए सत्यनिष्ठा और संवेदना के साथ जोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल बुद्धि का विकास नहीं बल्कि चरित्र का निर्माण भी है। ज्ञान तभी सार्थक है जब उसके साथ नैतिकता जुड़ी हो। आज जब समाज तेजी से बदल रहा है तब विद्यार्थियों के भीतर, ईमानदारी व अनुशासन और जिमेदारी का भाव और भी आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे हर प्रकार के नशे और ड्रग्स से दूर रहें। सच्चा आनंद नशे में नहीं बल्कि अपने लक्ष्य की प्राप्ति सेवा और सृजन में है। एक शिक्षित युवा वही है जो स्वयं को और अपने समाज को सकारात्मक दिशा में ले जाए। उन्होंने कहा कि आज हम तकनीकी युग के स्वर्णिम दौर में हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डेटा विज्ञान, डिजिटलीकरण और साइबर सुरक्षा हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं। आज आगे बढने् के लिए तकनीक को अपनाना आवश्यक हो गया है। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत, कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत, आयुक्त कुमाऊँ मंडल दीपक रावत, आईजी रिद्धिम अग्रवाल सहित विश्वविद्यालय के कार्य परिषद, शिक्षा परिषद के सदस्य सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नैनीताल के मां नयना देवी मंदिर व कैंची धाम के किए दर्शन



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने नैनीताल प्रवास के दूसरे दिन यानी मंगलवार को 51 शक्तीपीठों में से एक नैनीताल के श्री मां नयना देवी मंदिर के साथ ही पवित्र कैंची धाम मंदिर में जाकर विशेष पूजा अर्चना की तथा संपूर्ण राष्ट्र की सुख-शांति के लिए कामना की। बता दें मंगलवार की सुबह सबसे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने श्री मां नयना देवी मंदिर में पहुंचकर मां नयना देवी की पूजा-अर्चना की तथा राष्ट्र की सुख, शांति और खुशहाली की कामना की। इससे पूर्व मंदिर आगमन पर मंदिर समिति के सदस्यों ने राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। मां नयना देवी मंदिर के दर्शन करने के बाद वह कैंची धाम स्थित सुप्रसिद्ध आध्यात्मिक स्थल बाबा नीब करौरी धाम पहुंचकर पूजा-अर्चना कर राष्ट्र की तथा सुख, शांति व समृद्धि और जनकल्याण की प्रार्थना की। मंदिर आगमन पर मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों ने माननीय राष्ट्रपति का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) तथा कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत उपस्थित रहे।

## शिक्षा, अनुसंधान व नवाचार में उत्कृष्टता के प्रति समर्पित है कुविवि: मुर्मू

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि देश में शोध व नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि कुमाऊँ विश्वविद्यालय शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार में उत्ख्रष्टता के प्रति समर्पित है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और अनुसंधान के प्रभावी अनुप्रयोग के लिए बहुविषयक ख्ष्टिकोण अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्हें विश्वास है कि विश्वविद्यालय इस दिशा में निरंतर अग्रसर रहेगा।राष्ट्रपति ने कहा कि हिमालय अपनी जीवनदायिनी संपदाओं के लिए जाना जाता है। इन संसाधनों का संरक्षण और संवर्धन हम सभी की सामूहिक जिमेदारी है। उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि कुमाऊँ विश्वविद्यालय पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में जागरूक प्रयास कर रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि एक शिक्षण संस्था के रूप में कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल की कुछ सामाजिक जिमेदारियाँ भी हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों, और विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे आस-पास के गाँवों में जाएँ वहाँ के लोगों की समस्याओं को समझें और उनके समाधान के लिए हर संभव प्रयास करें।



## राष्ट्रपति ने नैनीताल राजभवन के मुख्य द्वार का किया शिलान्यास



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को राजभवन नैनीताल के मुखय द्वार का शिलान्यास किया। इस अवसर पर राज्यपालए लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) भी मौजूद रहे। बता दें कि ऐतिहासिक राजभवन स्थापना के 125 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने मुखय द्वार का शिलान्यास किया गया। राजभवन के मुखय द्वार का यह शिलान्यास इस धरोहर के संवर्धन और संरक्षण की दिशा में एक महत्तवपूर्ण कदम है। राजभवन नैनीताल, जो विगत 125 वर्षों से देवभूमि उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक, प्रशासनिक और ऐतिहासिक पहचान का प्रतीक रहा है आज भी अपनी स्थापत्य कला, प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक विरासत के लिए अद्वितीय स्थान रखता है।

## राष्ट्रपति दिल्ली के लिए रवाना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का दो दिवसीय नैनीताल प्रवास मंगलवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अपने प्रवास के दौरान उन्होंने श्री माँ नयना देवी मंदिर और कैंची धाम में पहुंचकर पूजा-अर्चना की और राज्य की सुख-समृद्धि की कामना की। राष्ट्रपति मुर्मू ने कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के 20वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। समारोह के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम बताया। अपने प्रवास के उपरांत राष्ट्रपति मुर्मू आज सायंकाल हल्द्वानी से नई दिल्ली के लिए रवाना हुईं। उनके प्रस्थान के अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत, आईजी कुमाऊँ रिद्धिम अग्रवाल, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, एसएसपी नैनीताल डा. मंजूनाथ टी.सी., एसएसपी अल्मोड़ा देवेंद्र पींचा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# तहसील दिवस में उठी कई समस्याएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कई महीनों के अंतराल के बाद मंगलवार को तहसील में तहस. ीलदार की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन हुआ। तहसील दिवस में बड़ी संख्या में लोग और पार्षद पहुंचे तथा अपनी-अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखी। पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी ने इंदिरा नगर वार्ड 32 की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने इंदिरानगर में टूटी पाइप लाइनों की मरम्मत, खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराने, टूटी सड़कों के निर्माण तथा अधूरी सिविल लाइन को पूरा कराने की मांग रखी। साथ ही उन्होंने पूर्व में तहसील दिवसों में दी गई शिकायतों के निस्तारण न होने पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने गरीब परिवारों को उजाला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिलाने की भी मांग की। वही पार्षद मनोज जोशी और मुकुल बल्यूटिया ने अपने-अपने वार्डों की अनेक समस्याएं तहसील दिवस में उठाई। वहीं दूसरी ओर तहसील दिवस में मंगलवार को युवा नेता हेमन्त साहू ने क्षेत्र की कई जनसमस्याओं को मुखरता से उठाते हुए प्रशासन को घेर लिया। साहू की अगुवाई में क्षेत्रवासियों ने राजेन्द्र राजपुरा क्षेत्र में क्षतिग्रस्त नालियों के निर्माण, सड़कों की मरम्मत, सरक. ारी स्कूलों की व्यवस्था सुधारने और स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करने जैसी अहम मांगें रखीं।

## अंबेडकर नगर, मछली बाजार और बनभुलपुरा की जर्जर सड़कों से जनता परेशान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर के अंबेडकर नगर, मछली बाजार और बनभुलपुरा क्षेत्र की सड़कों की बदहाल स्थिति से लोग लंबे समय से परेशान हैं। पिछले कई महीनों से सड़कें टूटी हुई हैं, जिससे गर्भवती महिलाओं, बीमार व्यक्तियों, बुजुर्गों, स्कूल बसों और ठेला सब्जी वालों को आने-जाने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर मंगलवार को वार्ड-27 के पार्षद रोहित कुमार के नेतृत्व में स्थानीय नागरिकों ने तहसील दिवस में पहुंचकर अधिकारियों से मुलाकात की और सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग करते हुए एक प्रार्थना पत्र सौंपा। पार्षद रोहित कुमार ने बताया कि खराब सड़कों के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं और बारिश के मौसम में कीचड़ और गड्ढों से हालात और भी खराब हो जाते हैं। लोगों ने कहा कि प्रशासन की लापरवाही से आमजन का जीवन प्रभावित हो रहा है और जल्द कार्रवाई न होने पर वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।



## यूओयू में प्रेरण कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के आदर्श अध्ययन केंद्र के सत्र जुलाई 2025 के नव प्रवेशित शिक्षार्थियों के लिए एक दिवसीय प्रेरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें 96 शिक्षार्थियों ने ऑफलाइन तथा 115 शिक्षार्थियों ने ऑनलाइन माध्यम से प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नए शिक्षार्थियों को विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली, सुविधाओं और शैक्षणिक नियमों से अवगत कराना था ताकि वे सुचारू रूप से अपनी पढ़ाई शुरू कर सके। अध्ययन केंद्र के समन्वयक डा. विशाल कुमार शर्मा ने शिक्षार्थियों को विश्वविद्यालय की स्थापना एवं उद्देश्य तथा आदर्श अध्ययन केंद्र से संबंधित कई महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया। डक्क शर्मा ने विशेष रूप से आदर्श अध्ययन केंद्र की और से प्रदान की जाने वाली सेवा व सुविधा, नियमित परामर्श सत्रों का संचालन और इनमें शिक्षार्थियों को उपस्थिति की अनिवार्यता के बारे में जानकारी दी। निदेशक अकादमिक प्रो. पीडी पंत ने एनईपी तथा पाठड्क्रम की पुस्तकों और बिव. विद्यालय द्वारा शिक्षार्थियों के लिए दी जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। समाज विज्ञान की निदेशक प्रो. रेनू प्रकाश ने ओडीएल एवं इससे संबंधित अन्य बिंदुओं से अवगत कराया। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो. गिरिजा पांडे ने ओडीएल की उपयोगिता एवं भविष्य में ओडीएल शिक्षा में अपार संभावनाओं की जानकारी दी। इस दौरान केंद्र के सह समन्वयक डा. विनय रावत, सहायक क्षेत्रीय निदेशक रेखा बिष्ट, आईसीटी से मोहित रावत, राक. ेश पपनै, विभु कांडपाल, डा. प्रीति पंत, डा. नेहा तिवारी, डा. मीनाक्षी राणा, डा. कृतिका पलड़िया, डा. प्रियंका शर्मा, डा. सुरेश मेहता आदि थे।

# मानसिक रूप से बीमार महिला ने लगाई फांसी

❑ पति व बच्चों के साथ किराए के मकान में रहती थी पुष्पा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** संदिग्ध परिस्थितियों के चलते एक महिला ने दुपट्टे से फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार भोटिया पड़ाव स्थित अंबिका विहार फेस-वन निवासी 47 वर्षीय पुष्पा जोशी यहां अपने पति व बच्चों के साथ किराए के मकान में रहती है। मंगलवार को महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों के चलते कमरे के अंदर फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। महिला को फंदे से लटका देखा तो परिजनों में चिखपुकार मच गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा और शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा कि महिला पिछले लंबे समय से मानसिक रूप से बीमार चल रही थी, और इसी वजह से उसने इससे पहले भी दो बार सुसाइड करने की कोशिश की थी। लेकिन किसी तरह से परिजनों ने उसे बचा लिया था। मृतका का पति हल्द्वानी में ही जॉब करते हैं। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पूछताछ की और परिजनों के बयान दर्ज किए।

# हत्या के चार आरोपी बरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** तीन साल पहले हुई एक युवक की हत्या के मामले में द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश सविता चमोली की अदालत ने मामले में सुनवाई करते हुए चारों आरो. पियों को न्यायालय ने साक्ष्यों के अभाव में बरी करने का आदेश दिया है। सत्यलोक कॉलोनी डहरिया निवासी गोविंद गैड़ा ने सात जुलाई 2022 को पुलिस को तहरीर दी थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि हरीश बृजवासी निवासी छड़ायल सुयाल, छह जुलाई 2022 को गोविंद गैड़ा व उसके भाई नीरज सिंह गैड़ा समेत उसके साथी कार्तिक वर्मा को मंडी वाइन शॉप के पास खाली प्लाट में अपनी गाड़ी से ले गया था। आरोप है कि यहां विवाद के बाद मनीष सैनी, ललित मोहन नेगी, नीरज सम्भल समेत अन्य लोग उसके भाई को बुरी तरह से मारने लगे। हरीश बृजवासी, तीनों को नीरज को मारने के लिए उकसा रहा था। नीरज को अधमरा करके आरोपी फरार हो गए। घटना के बाद नीरज की मौत हो गई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था। जिसके बाद डेढ़ साल आरोपी जेल में रहे और बाद में उन्हे जमानत पर रिहा किया गया। एक आरोपी की पैरवी कर रहे अधिवक्ता राजन मेहरा ने बताया कि घटनास्थल के पास जो सीसीटीवी कैमरा लगे थे उनकी फुटेज में ये आरा. ेपी नहीं दिखे। पुलिस ने जल्दबाजी में आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ऐसा कोई भी पुख्ता साक्ष्य न्यायालय में पेश नहीं कर पाई जिससे साबित होता है कि घटना में यह लोग दोषी हैं। द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश सविता चमोली की अदालत ने मामले में सुनवाई करते हुए चारों आरोपियों को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया है।

## तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई तीन घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नैनीताल रोड पर मंगलवार तड़के एक तेज रफ्तार बलेनो कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। हादसा इतना भीषण था कि टक्कर लगते ही कार के एयरबैग खुल गए। दुर्घटना में कार चालक समेत तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, कार सवार नशे में थे। भोटिया पड़ाव चौकी प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि हादसा नैनीताल की ओर से हल्द्वानी बाजार की तरु जाते समय हुआ। दुर्घटना के समय सड़क पर गुजर रहे दो युवकों ने घटना को देखा और घायल लोगों को कार से बाहर निकाला। हादसे के कारण पेड़ का एक हिस्सा पूरी तरह छिल गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार को कब्जे में लिया और घायलों का उपचार अस्पताल में सुनिश्चित कराया। शुरुआती जांच में यह पाया गया कि कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई।

# बिन्दुखत्ता में लोगों ने ली पहाड़ी आर्मी की सदस्यता

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

लालकुआं। पहाड़ी आर्मी उत्तराखंड का सदस्यता अभियान और बैठक मंगलवार को बिंदुखत्ता के तिवारी नगर में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता महिला जिला अध्यक्ष प्रेमा मेर ने की। उन्होंने कहा कि लालकुआं विधानसभा के बिंदुखत्ता क्षेत्र में अधिकांश लोग पहाड़ी समुदाय से हैं, लेकिन क्षेत्र पिछड़ा हुआ है। सरकार की ओर से अपेक्षाओं के बावजूद न तो क्षेत्र को नगर पालिका का दर्जा मिला है और न ही मालिकाना हक। जिलाध्यक्ष फौजी राजेंद्र कांडपाल ने कहा कि जैसे संस्थापक अध्यक्ष हरीश रावत ने दमुवादूंगा के लिए मालिकाना हक की मांग में आंदोलन किया और परिणामस्वरूप हजारों लोगों को हक मिला, उसी तरह बिंदुखत्ता के लिए भी पहाड़ी आर्मी संघर्ष करेगी। बैठक में जिला प्रभारी दीपा पांडे और उपाध्यक्ष अंजू पांडे ने जानकारी दी कि 9 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर हल्द्वानी के नवाबी रोड स्थित रूद्राक्ष बैंक्विट हॉल में 25 वर्षों में उत्तराखंड राज्य कहां और क्यों विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित की जाएगी। इस दौरान डूंगर सिंह, लक्ष्मी देवी, गोरी, मनोज, मुन्ना, इंदिरा देवी, दुर्गा, गीता, त्रिलोक सिंह, वीरेंद्र सिंह, मनोज सिंह, सुरेश चंद्र पांडे, गीता नेगी, निहारिका, जानकी देवी, कश्ती देवी, भागीरथी देवी, हंसी देवी, दीपा देवी, देवेंद्र भंडारी, खेमानंद सहित दर्जनों लोगों ने पहाड़ी आर्मी की सदस्यता ली।



## दीपदान से मिलता है अक्षय पुण्य

**हल्द्वानी।** सनातन धर्म में कार्तिक माह की पूर्णिमा को अत्यंत पवित्र और पुण्यदायी माना गया है। यह दिन देव दीपावली, रास पूर्णिमा, त्रिपुरारी पूर्णिमा और गुरु नानक देव जयंती के रूप में भी मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन गंगा स्नान, दान-पुण्य और पूजा-पाठ करने से अक्षय फल की प्राप्ति होती है। ज्योतिषाचार्य अशोक वार्ष्णेय ने बताया कि मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सभी देवी-देवता काशी के गंगा घाटों पर आकर दीपोत्सव मनाते हैं और पृथ्वीवासियों को आशीर्वाद प्रदान करते हैं। इस दिन भगवान शिव-पार्वती, विष्णु-लक्ष्मी और हनुमान जी की उपासना विशेष फलदायी होती है। वार्ष्णेय के अनुसार, ऐसा करने से शनिदेव के अशुभ प्रभावों में कमी आती है।

# स्वास्थ्य अधिकार आंदोलन को मिले सम्मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं और चौखुटिया में चल रहे स्वास्थ्य अधिकार आंदोलन से जुड़े मुद्दों को लेकर सोमवार को उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम राहुल साह के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजा। मंगलवार को यूकेडी कार्यकर्ताओं द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में मांग करते हुए कहा कि सरकार राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति को शीघ्र सुधारे और चौखुटिया क्षेत्र में चल रहे आंदोलन में शामिल लोगों का उत्पीड़न न करे। साथ ही आंदोलनकारियों की बातों को सम्मानपूर्वक सुना और उन पर अमल किया जाए। यूकेडी जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने कहा कि यदि सरकार ने जनता की इन मांगों को गंभीरता से नहीं लिया, तो यूकेडी जिला नैनीताल इकाई जनांदोलन करने को बाध्य होगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा हर नागरिक का अधिकार है और इस पर समझौता नहीं किया जा सकता। इस मौके पर जनमैत्री संगठन नैनीताल के संयोजक बची सिंह बिष्ट, भुवन बिष्ट, प्रदीप कोठारी, मदन मेर, यतीश पंत, सुशील उनियाल, दीवान सिंह बिष्ट, केडी गुणवंत, एडवोकेट भूपाल सिंह बिष्ट, कैप्टन प्रताप सिंह नगरकोटी, चंदन आर्या आदि थे।




## देव दीपावली आज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कार्तिक पूर्णिमा यानी देव दीपावली पर्व बुधवार को होगा। पंडित डा. नवीन चंद्र जोशी ने बताया कि श्रीमद् देवी भागवत महा. पुराण के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा को देव दीपावली पर्व पर गंगा स्नान पूजन व दीप दान करने से समस्त रोग-शोक कष्ट दूर होते हैं। कार्तिक पूर्णिमा पर तीर्थ स्नान करने से समस्त पाप नष्ट होते हैं। उन्होंने बताया कि कल ही कार्तिक मास व्रत का उद्यापन किया जाता है। शास्त्रों के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा आदि नदियों का पूजन व दीप दान करने से धन-धान्य ऐश्वर्य की वृद्धि होती है। पूर्णिमा का व्रत भी कल ही होगा। देव दीपावली के साथ ही दीपावली पर्व का समापन माना जाता है, इसलिए सायं काल लक्ष्मी नारायण के निमित्त व अपने कुल देवताओं के निमित्त दीपदान करना चाहिए। धरती पर सभी जल धाराएं गंगा जी के समान पवित्र व पूजनीय है, इस भाव से सभी नदियों को देव नदी मानकर उनका संरक्षण, संवर्धन, शुचिता पवित्रता बनाए रखना प्रत्येक मानव का कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि स्नान का शुभ मुहूर्त प्रात: 4 बजे से मध्यान्ह पर्यन्त तक और देव दीपावली मुहूर्त सायं 5/35 से रात्रि तक है।

# रिवर राफ्टिंग की क्षेत्र में हैं अपार संभावनाएं

**नैनीताल ।** कुमाऊं राफिटंग व कयाकिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में जिलाधिकारी पिथौरागढ़ आशीष भटनई को पौधारोपण अभियान के 477 वें दिन एक पौधा धरती मां के नाम के तहत पौधा देकर स्वागत किया साथ ही ऐसोसिएशन के द्वारा ज्ञापन दिया गया।

दिनेश गुरुरानी ने कहा कि जनपद में रीवर रफ़टिंग की अपार संभावनाएं हैं जिसको देखते हुए काली नदी में जौलजीवी से हंसेश्वर एवं झुलाघाट में तालेश्वर से बलतड़ी तक रफ़टिंग के साथ नेपाल दर्शन कार्यक्रम चलाए जाने की अनुमति मांगी गई ।उन्होंने कहा कि जनपद में पर्यटकों की आवाजाही को देखते हुए व आदि कैलाश यात्रा में यात्रियों की संखया को देखते हुए यात्रियों व पर्यटकों को रफ़टिंग के साथ नेपाल दर्शन योजना के तहत जोडक़र जनपद में काम करने वाली कंपनियों को जहां आर्थिक लाभ होगा वहीं रफ़टिंग क्षेत्र में पढने् वाले ग्रामीणों को भी आर्थिक लाभ होगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2008 में जौलजीवी में राष्ट्रीय स्तर की चौंपियनशिप कराई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकार साहसिक पर्यटन को बढ़ावा दे रही है ।इसी क्रम में यह योजना लाभप्रद होगी। जिला. धिकारी ने कहा कि वह अपनी तरु से पूर्ण प्रयास करेंगे। ज्ञापन देने वालों में संगठन के महासचिव मनोहर सिंह ऐरी उपस्थित रहे।



इधर दिनेश गुरुरानी ने नित्य की भांति पौधारोपण अभियान के 477 वें दिन अपने पिताजी स्वर्गीय तारा दत्त गुरुरानी की स्मृति में स्मृति पौध लगाया। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उत्तराखंड पर्यटन विभाग द्वारा हिमानी एडवेंचर के माध्यम से 9 नवंबर व 14 नवंबर से जोलजीवी में गोरी व काली नदी में अनुसूचित जाति के छात्र छात्राओं को रिवर रफ़टिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा जिस हेतु विद्यालय में अध्यनरत छात्र छात्राएं अपने विद्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
# ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड अल्मोडा स्थित विकास भवन

पत्रांक: 983/ग्रा0नि0वि0/दो–लेखा/निविदा/2025–26 दिनांक: 31/10/2025

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड–अल्मोडा द्वारा गणानाथ मोटर वर्ग से ग्राम सभा थापला तक मोटर मार्ग का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है एवं जिन व्यक्तियों की जमीन का अधिग्रहण उक्त सडक के निर्माण में हुआ है को मुआवजे का वितरण किया जाना है, जिनके नाम प्रकाशित किये जा रहे है, वह पन्द्रह दिन के भीतर कार्यालय अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड–अल्मोडा विकास भवन में निम्न दस्तावेजों के साथ सम्पर्क कर अपना मुआवजा प्राप्त करने की कार्यवाही कर ले, अन्यथा की स्थिति में विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

1– पट्टी पटवारी से दूरी प्रमाण पत्र एवं अधिग्रहण की गई भूमि का प्रमाण पत्र (क्षेत्रफल सहित)।
2– आधार कार्ड की छाया प्रति। 3– पैनकार्ड की छाया प्रति। 4– पासपोर्ट साइज फोटो।
5–बैंक खाता की छाया प्रति। 6– मोटर मार्ग अर्न्तगत कटी भूमि पर फोटोग्राफ A4 साइज ।

अधिशासी अभियन्ता,
ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड–अल्मोड़ा।

ग्राम–थापला, तहसील अल्मोड़ा, जिला–अल्मोड़ा

| क्र0स0 | काश्तकार का नाम | पिता/पति का नाम |
|---|---|---|
| 1 | श्री धरम राम | टीका राम |
| 2 | श्री धन राम | मोहन राम |
| 3 | श्री श्याम लाल | टीका राम |
| 4 | श्री यादव चन्द्र | केवलानन्द |
| 5 | श्री योगेश चन्द्र | महेश चन्द्र |
| 6 | श्री योगेश चन्द्र | नित्यानन्द |
| 7 | श्री योगेश चन्द्र | महेश चन्द्र |
| 8 | श्री खीमानन्द | जीवानन्द |
| 9 | श्री खीमिया | बचीया |
| 10 | श्री इन्द्र लाल | धनी लाल |
| 11 | श्री इन्द्र लाल | श्याम लाल |
| 12 | श्री ईश्वरी दत्त | मनोरथ |
| 13 | श्री ईश्वरी लाल | गुसाई लाल |
| 14 | श्री बंशीधर | त्रिलोचन |
| 15 | श्री बसन्त बल्लभ | त्रिलोचन |
| 16 | श्री बसन्त बल्लभ | गणेश दत्त |
| 17 | श्री बसन्त बल्लभ | हरी दत्त |
| 18 | श्री बसन्त बल्लभ | हीरा बल्लभ |
| 19 | श्री बसन्त सिंह | दिवान सिंह |
| 20 | श्री बसन्त लाल | प्रेम लाल |
| 21 | श्री बसन्तबल्लभ | चिन्तामणी |
| 22 | श्रीमती बसन्ती देवी | परमी लाल |
| 23 | श्री बद्री दत्त | टीका राम |
| 24 | श्री बद्री दत्त | श्रीकृष्ण |
| 25 | श्री बद्री दत्त | खीमानन्द्र |
| 26 | श्री बची राम | बुद्धिबल्लभ |
| 27 | श्री बची लाल | कृपा लाल |
| 28 | श्री बची लाल | कृपा राम |
| 29 | श्री बल राम | शोबन राम |
| 30 | श्री कृपा | जोगा |
| 31 | श्री कृपा चौधरी | जोगा |
| 32 | श्री कृपाल दत्त | जोगा |
| 33 | श्री कमल चन्द्र | नन्दकिशोर |
| 34 | श्री कमलेश कुमार | देवी दत्त |
| 35 | श्री कमलेश लोहनी | जगदीश कुमार |
| 36 | श्री कवि दत्त | गंगा दत्त |
| 37 | श्री कौशल कुमार | त्रिलोचन |
| 38 | श्री कुरूली देवी | गुसाई राम |
| 39 | श्री कुन्दन सिंह | भवान सिंह |
| 40 | श्री कुन्दन सिंह | दलीप सिंह |
| 41 | श्री कुन्दन सिंह | गुसाई सिंह |
| 42 | श्री कुन्दन लाल | किशना |
| 43 | श्री केशव दत्त | लीलाधर |
| 44 | श्री केवालनन्द | खीमानन्द |
| 45 | श्री कैलाश सिंह | पूरन सिंह |
| 46 | श्री कैलाश चन्द्र | मोहन राम |
| 47 | श्री कैलाश चन्द्र | मोहन चन्द्र |
| 48 | श्री कैलाश चन्द्र | अम्बादत्त |
| 49 | श्री कैलाश चन्द्र | पीताम्बर |
| 50 | श्री कैलाश चन्द्र | प्रेम बल्लभ |
| 51 | श्री कैलाश चन्द्र | नन्दाबल्लभ |
| 52 | श्री कैलाश चन्द्र | प्रेम बल्लभ |
| 53 | श्री कैलाश चन्द्र | जय दत्त |
| 54 | श्री कैलाश चन्द्र | जीवानन्द |
| 55 | श्री कैलाश चन्द्र | ख्याली राम |
| 56 | श्री कन्हैया लाल | दुर्गा लाल |
| 57 | श्री कन्चेरा कुमार | देवी दत्त |
| 58 | श्री कलावती | भैरव दत्त |
| 59 | श्री मृगांग | नेत्रबल्लभ |
| 60 | श्री मृगांग | कमलाधर |
| 61 | श्री महिपाल सिंह | भवान सिंह |
| 62 | श्री मथुरादत्त | उमापति |
| 63 | श्री मटिपाल | भवान सिंह |
| 64 | श्री महेश चन्द्र | मोती राम |
| 65 | श्री महेश चन्द्र | बद्री दत्त |
| 66 | श्री महेश चन्द्र | दामोदर |
| 67 | श्री महेश चन्द्र | प्रेम बल्लभ |
| 68 | श्री महेश चन्द्र | लीलाधर |
| 69 | श्री महेश लाल | चन्द्र लाल |
| 70 | श्रीमती माधवी देवी | जयदत्त |
उत्तराखंड के साथ ही उत्तर प्रदेश के विभिन्न जगहों से भी श्रद्धालु यहां पहुंचकर मेले का आनंद लेते हैं। इसके साथ ही नेपाल सीमा से सटे होने के कारण हजारों की संख्या में नेपाली नागरिक भी पहुंचकर मेले की शोभा बढ़ाते हैं। वहीं आज हजारों की संख्या में श्रद्धालु शारदा तट पर पहुंचकर गंगा मैया की पूजा अर्चना करेंगे तथा शारदा नदी में डूबकी लगाकर अपनी मनोकामना को पूर्ण करेंगे। वहीं सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत मेला कमेटी के अलावा भारी संख्या में पुलिस बल मेले में तैनात रहता है। मेले में दूर दराज से दुकानदार पहुंच कर अपनी दुकानों को सजा रखे हैं जहां मुख्य रूप से झूला, सिंघाड़ा तथा जलेबी की दुकानें सजी हुई होती हैं जिसका भारी संख्या में लोग पहुंच कर आनंद लेते हैं। आस्था इस और विश्वास के केंद्र बन इस ऐतिहासिक मेले में बड़ी संख्या में पहुंचकर मेले की शोभा बढ़ाते हैं और आनंद लेते हैं। वहीं यह पुरातन मेला भारत नेपाल मैत्री के रूप में भी जाना जाता है। इस बार यह मेला 5 नवंबर से प्रारंभ होकर लगभग एक सप्ताह तक निरंतर चलेगा।

# पूर्व सभासद के घर पथराव, 11 नामजद सहित 30 अज्ञात के खिलाफ दी तहरीर

- पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर की छानबीन जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** मित्र पुलिस के सुरक्षा दावों की उस समय पोल खुल गई जब थाने से महज कुछ दूरी पर एक निवर्तमान सभासद के घर पर कुछ लोगों ने पथराव कर दिया। पूर्व सभासद का आरोप है कि लाठी डंडो व धारदार हथियारों से लेस कुछ लोगों ने एक राय होकर उनके घर पर हमला बोल दिया। जिससे वार्ड में हड़कंप मच गया। आरोप है कि भीड़ ने घर के बाहर खड़ी कार और बाइक को भी नही बक्शा और दोनों ही वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। पूर्व सभासद ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

सेवा और सुरक्षा के बड़े-बड़े दावे करने वाली मित्र पुलिस की नाक के नीचे पूर्व सभासद जुनैद अंसारी के घर पर पथराव की घटना से माहौल गर्मा गया सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानक. ारी हासिल की वही सभासद ने अपनी जान माल का खतरा बताते हुए 11 नामजद सहित 30 अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर सौंप कर कानूनी कार्यवाही की मांग की है। वही, पूर्व सभासद जुनैद अंसारी पुत्र जमील अहमद निवासी वार्ड नंबर 1 करतारपुर ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि बीती रात्रि उनके घर के बाहर चार लड़के खड़े थे जो आपस में हंसी मजाक कर रहे थे इतने में वहीं से गुजर रहे एक युवक ने वहां खड़े लड़कों के साथ गाली-गलौज कर मारपीट शुरू कर दी आरोप है कि जब उनके भांजे ने आरोपी को रोकना चाहा तो करीब 30 से 40 लोग लाठी डंडे लेकर उनके घर आ धमके और पथराव शुरू कर दिया जिसमें उनके घर के कांच खिड़की, कार, बाइक आदि भी क्षतिग्रस्त हो गई। पीड़ित सभासद ने 11 नामजद सहित 30 अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

# आपसी विवाद में फटे दो छात्रों के सिर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रानीखेत रोड स्थित एमपी इंटर कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों के दो गुटों में आपसी विवाद हो गया। कॉलेज के बाहर हुई मारपीट में दो छात्रों के सिर में चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल छात्रों को रामनगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मंगलवार को मोहल्ला गूलरघटटी में रहने वाले गुल एमपी इंटर कॉलेज में कक्षा 9 का छात्र है तो वही दूसरा छात्र उबेस जो की कक्षा 11 का छात्र है।छात्र गुल मस्तान का कहना है कि आज वह अपने दोस्त उवेश व अन्य छात्रों के साथ कॉलेज से पेपर देकर घर जा रहा था। उसका आरोप है कि इसी बीच कॉलेज के गेट के बाहर उसी के कॉलेज में पढ़ने वाले कुछ छात्रों के साथ ही कुछ बाहरी युवकों ने उसे और उसके दोस्त उवैस को जबरन घेर कर मारपीट कर दी।दोनों छात्रों के सिर में गंभीर चोट लगने के कारण दोनों लहू लुहान हो गए



इसके बाद हमला करने वाले सभी छात्र मौके से फरार हो गए। घायल दोनों छात्रों को जानकारी मिलने के बाद परिजन उपचार के लिए सरकारी अस्पताल ले गए।जहां दोनों का उपचार चल रहा है तो वहीं घायल छात्रों के परिजनों द्वारा कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंप कर कार्रवाई करने की मांग की है।कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक महेंद्र प्रसाद ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## एक नजर

# फायरिंग प्रकरण में एक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ट्रांजिट कैंप शास्त्री नगर गड्डा कालोनी में हुई मारपीट और फायरिंग के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपियों में एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही है। अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस कार्रवाई कर रही है।

बता दें कि पिछले दिनों ट्रांजिट कैंप गडक्का कालोनी में मारपीट और फायरिंग की घटना हुई थी। इस मामले की वीडियो भी वायरल हुई थी। पुलिस ने मौके पर पहुंच घटना की जानकारी ली और वायरल वीडियो में फायरिंग करने वालों को चिन्हित की कार्रवाई शुरू कर दी। एसएसआई महेश कांडपाल ने बताया कि नामजद आरोपियों में मनोज राठौर, पुत्र घनश्याम राठौर, निवासी गडक्का कालोनी ट्रांजिट कैंप को सिडकुल रोड से गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। आरोपी फरार है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पत्नी भी नामजद है। वह भी फरार है। पुलिस को गिरफ्तार आरोपी से फायरिंग में प्रयोग किया गया तमंचा बरामद नहीं हुआ। तमंचा फरार राहुल की गिरफ्तारी के बाद बरामद होगा। पुलिस गिरफ्तार आरोपी को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही है।

# भाषण में अंशिका, चित्रकला में अशोक प्रथम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** नोजगे पब्लिक स्कूल की छात्रा अंशिका भट्ट ने रुद्रपुर में आयोजित जनपद स्तरीय युवा महोत्सव के भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इनका मार्ग दर्शन ऐओ डॉ विनय जैन तथा हिन्दी अध्यापिका सुनिता वर्मा के देख-रेख मे हुआ। इसी क्रम में चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र अशोक कार्की प्रथम एवं मनु शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढाया है। इन छात्र-छात्राओं का मार्ग दर्शन विद्यालय के कला शिक्षक अमित शर्मा द्वारा कि गई। इन दोनो विद्यार्थियो का चयन देहरादून मे आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ हैं। राज्यस्तरीय प्रतियोगिता 8 नवम्बर को होना सुनिश्चित है। दोनो प्रतिभागियों को विद्यालय की प्रबंधिका ट्विकंल दत्ता व सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उत्कृष्ट प्रर्दशन के लिए बधाई दी एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी।



**आठ नवम्बर को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में करेंगे प्रतिभाग**

# चाणक्य लॉ कॉलेज के विद्यार्थियों ने दीक्षांत समारोह में लहराया सफलता का परचम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के 20वें दीक्षांत समारोह में चाणक्य लॉ कॉलेज, रुद्रपुर के विद्यार्थियों ने अपनी उत्कृष्ट अकादमिक उपलब्धियों से पूरे परिसर में गौरव और उत्साह का वातावरण बना दिया।

एलएलबी सत्र 2024-25 में 77.83% अंक प्राप्त कर कॉलेज की प्रतिभाशाली छात्रा मीतु गोयल ने एक नहीं, बल्कि तीन स्वर्ण पदक अपने नाम किए। वाइस चांसलर गोल्ड मेडल, ठाकुर इंद्र सिंह नयाल मेमोरियल गोल्ड मेडल और गौरा देवी गोल्ड मेडल। वहीं एलएलएम वर्ग में कुमार रजत ने 79.25% के शानदार प्रदर्शन से वाइस चांसलर गोल्ड मेडल अर्जित किया। इसी कड़ी में बीए एलएलबी में 69% अंक प्राप्त करने पर आयुषी गुप्ता को स्वर्गीय मोहन चंद्र पांडे गोल्ड मेडल से नवाजा गया। इन तीनों मेधावी विद्यार्थियों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कर-कमलों से सम्मान प्राप्त हुआ, जो चाणक्य लॉ कॉलेज के लिए गौरव और प्रेरणा का ऐतिहासिक क्षण बन गया। इस उपलब्धि पर कॉलेज परिवार में हर्ष की लहर दौड़ गई। कॉलेज के चेयरमैन एसपी सिंह और मैनेजिंग डायरेक्टर रविंद्र सिंह बिष्ट ने विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धियां हमारे संस्थान के उच्च शिक्षण मानकों और विद्यार्थियों की निष्ठा का परिणाम हैं।

कॉलेज की प्राचार्या डा. दीपाक्षी जोशी ने कहा हमारे छात्रों द्वारा विश्व. विद्यालय स्तर पर सम्मानित होना इस बात का प्रमाण है कि चाणक्य लॉ कॉलेज न केवल विधि शिक्षा में, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण में भी अग्रणी है। इस अवसर पर कॉलेज के सभी शिक्षकगण सलीम अहमद, अनिल कुमार, डॉ. आयशा आमीन, डॉ. हरकमल कौर, डॉ. रुबीना सुल्तान, प्रतिभा सिंह, मनप्रीत कौर, आकांक्षा रघुवंशी, सिद्धि अग्रवाल, हिमानी फुलारा एवं वर्णिका वर्मा ने भी विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# धान तोल लिमिट बढ़ाने को लेकर मुख्यमंत्री को सौंपा मांग पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** पूर्व विधायक व भाजपा नेता डा. शैलेंद्र मोहन सिंघल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के काशीपुर आगमन पर भेंट कर किसानों के हित में धान तौल की लिमिट बढ़ाने की मांग की।



मीडिया से रूबरू होते हुए डा. सिंघल ने बताया कि धान तौल व्यवस्थाओं/लिमिट बढ़ाने और वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में प्रदेश भर में चल रही पदयात्राओं के क्रम में जसपुर विधानसभा क्षेत्र में महुआडाबरा से सुभाष चौक तक आयोजित पदयात्रा में सम्मिलित होने का निमंत्रण भी दिया।

विदित हो कि पूर्व में भी डॉक्टर सिंगला ने मुख्यमंत्री धामी को जसपुर आने का निमंत्रण दिया था। उनकी मांग पर मुख्यमंत्री ने बताया कि धान तौल लिमिट बढ़ाने के संबंध में केंद्र सरकार से वार्ता चल रही है और शीघ्र ही किसानों के हित में सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा।

# हेल्पिंग बॉयज ग्रुप टीम के प्रयासों से बचाई जा सकी बालक की जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** मेट्रो हॉस्पिटल जसपुर में भर्ती गढ़ी मानियावाला अफजलगढ निवासी 17 वर्षीय बालक को समाजसेवी जसपुर हेल्पलाइन ग्रुप के सदस्यों ने दो यूनिट ब्लड देकर जान बचाई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जयपुर क्षेत्र के बॉर्डर पर स्थित गाड़ी मान्य वाला ग्राम निवासी एक 17 वर्षीय बालक की प्लेटलेट्स घटना के कारण मेट्रो हॉस्पिटल जसपुर भर्ती कराया गया, जहां पर बच्चों की हालत नाजुक बनी हुई थी। मेट्रो हॉस्पिटल के डॉक्टर जतिन गर्ग द्वारा मात्र तेरह हजार प्लेटलेट्स रहने के कारण जसपुर की समाजसेवी हेल्पिंग बॉयज ग्रुप टीम के गुलजार, मोनिश,वसीम से संपर्क किया गया, जिनकी टीम में शामिल सदस्यों जिसमे सरफराज सिद्दीकी (एसएसटी ट्रांसपोर्ट) और आयृन ने दो यूनिट ब्लड देकर बच्चों की जान बचाने का मानवता का कार्य किया गया, जिसको लेकर क्षेत्र में भूरी भूरी प्रशंसा की जा रही है।

# सरकार धार्मिक विरासत के संरक्षण को प्रयासरत:सीएम

■ श्रीनगर में प्रसिद्ध बैकुण्ठ चतुर्दशी मेले का रंगारंग आगाज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** पौराणिक एवं प्रसिद्ध बैकुण्ठ चतुर्दशी मेले का मंगलवार को रंगारंग आगाज हुआ। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल माध्यम से मेले का शुभारंभ किया। आवास विकास मैदान में आयोजित कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि श्रीनगर का यह मेला उत्तराखंड की प्राचीन परंपरा, आस्था और लोकसंस्कृति का जीवंत उदाहरण है। यह न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त करने, पारंपरिक कला, संस्कृति और हस्तशिल्प को प्रोत्साहित करने का भी माध्यम बन चुका है। कहा कि प्रदेश सरकार देवभूमि की सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन के लिए सतत प्रयासरत है। बद्रीनाथ एवं केदारनाथ मास्टर प्लान के तहत पुनर्निर्माण कार्य हों या ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन निर्माण कार्य सभी योजनाएँ तीव्र गति से प्रगति पर हैं। कहा कि श्रीनगर क्षेत्र में भी व्यापक स्तर पर विकास कार्य किए जा रहे हैं। इसमें रोडवेज बस स्टेशन में पार्किंग का निर्माण, अलकनंदा नदी के तट पर गंगा संस्कृति केंद्र की स्थापना तथा श्रीनगर पालिका को नगर निगम का दर्जा देकर नगर के पार्कों, पार्किंग स्थलों और सड़कों का सुधार कार्य शामिल है। उन्होंने कहा कि बिलकेदार एवं बेलकंडी क्षेत्र में नयी टाउनशिप विकसित करने का कार्य भी प्रगति पर है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि श्रीनगर गढ़वाल शिक्षा, संस्कृति और आध्यात्मिकता का केंद्र रहा है। बैकुंठ चतुर्दशी मेला यहां की ऐतिहासिक पहचान है, जिसे संजो. कर रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस मेले में हर वर्ग की सहभागिता सामुदायिक एकता और सांस्कृतिक गौरव को दर्शाती है। राज्य सरकार का प्रयास है कि ऐसे पारंपरिक मेलों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान मिले। कहा कि विकास प्रदर्शनी के माध्यम से शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंच रही है, जिससे जनसहभागिता और पारदर्शिता दोनों को बल मिलेगा। उन्होंने श्रीनगर में हो रहे नगर विकास कार्यों की भी सराहना की और कहा कि स्वच्छता, जल संरक्षण एवं पर्यटन की दिशा में नगर निगम के प्रयास अनुकरणीय हैं। महापौर आरती भंडारी ने मेले की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में श्रीनगर नगर क्षेत्र में अनेक विकास कार्य हुए हैं, जिनमें डंपिंग जोन को वेस्ट टू वंडर पार्क में परिवर्तित करना, पार्किंग व सामुदायिक भवन का निर्माण तथा स्ट्रीट लाइट एवं पोलों का सुदृढ़ीकरण प्रमुख हैं। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का मंच संचालन सरिता उनियाल व बबीता थपलियाल ने किया। इस अवसर पर नगर आयुक्त नूपुर वर्मा, पीडी डीआरडीए विवेक कुमार उपाध्याय, बीडीओ यमकेश्वर दृष्टि आनंद, डीपीओ देवेंद्र थपलियाल, बीईओ खिर्सू अश्विनी रावत, तहस. ीलदार दीपक भंडारी सहित विभिन्न वार्डों के वार्ड मेंबर व जनसमूह उपस्थित रहा।

## डीएम ने प्रभावित काश्तकारों की सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** मंगलवार को जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने नैनबाग के निरीक्षण भवन में लखवाड़ बांध बहुउद्देश्यीय परियोजना से प्रभावित काश्तकारों से मुलाकात की और उनकी भूमि अर्जन, पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन से जुड़ी समस्याओं को विस्तार से सुना। जिलाधिकारी ने प्रभावितों की बातों को गंभीरता से लेते हुए कहा कि सरकार उनके हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और सभी जायज मांगों पर शीघ्र कार्यवाही की जाएगी।

समिति के अध्यक्ष डॉक्टर विरेन्द्र सिंह रावत ने बैठक के दौरान बताया कि लखवाड़ बांध परियोजना को उत्तराखंड जल विद्युत निगम (यूजेवीएनएल) द्वारा लगभग 30 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद दोबारा प्रारंभ किया गया है।

परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है, लेकिन प्रभावित परिवारों और काश्तकारों को पिछले तीन दशकों से लगातार अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि समस्याओं के समाधान के अभाव में बांध प्रभावित अपनी 21 सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले दस दिनों से धरने पर बैठे हैं।प्रभावितों ने अपनी मांगों को रखते हुए कहा कि परियोजना के अंतर्गत चतुर्थ श्रेणी के 70 प्रतिशत पद योग्यतानुसार बांध प्रभावित परिवारों के लिए आरक्षित किए जाएं। साथ ही कंपनी द्वारा निकाले गए स्थानीय युवाओं की पुनर्बहाली की जाए और उनके विरुद्ध दर्ज मुकदमे वापस लिए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन नीति के तहत प्रभावित काश्तकारों के अधिकारों को ध्यान में रखते हुए एक नई, न्यायसंगत नीति बनाई जाए

# 6वें राज्य वित्त आयोग की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोपेश्वर।**6वें राज्य वित्त आयोग द्वारा मंगलवार को चमोली जिला पंचायत सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जनपद के जन प्रतिनिधियों, विभागीय प्रतिनिधियों और राज्य वित्त आयोग के विशेषज्ञों से चर्चा की गई।



बैठक आयोग के अध्यक्ष एन रविशंकर (सेनि मुख्य सचिव/आई.ए.एस.) की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के शुभारंभ पर अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश ने आयोग के अध्यक्ष एन रविशंकर व सदस्य सदस्य पीएस जगपांगी तथा डा एमसी जोशी का स्वागत किया। जिसके बाद जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी द्वारा जिला पंचायत के कार्य प्रणाली के बारे में पीपीटी के माध्यम से विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष दौलत सिंह बिष्ट ने जहां जनपद की भौगोलिक परिस्थितियों और साम. रिक महत्व को देखते हुए विकास कार्यों के लिए विशेष वित्तीय व्यवस्था पर जोर दिया। वहीं उन्होंने राज्य वित्त में जीएसटी की प्रतिपूर्ति करने का भी सुझाव दिया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख थराली प्रवीण पुरोहित ने विकास खंड में आई आपदा को देखते हुए क्षतिग्रस्त परिसम्पतियों के पुनर्निर्माण और विकास कार्यों के लिए वित्त में विशेष व्यवस्था करने की बात कही। ग्राम प्रधानों की ओर से जनपद की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए मनरेगा कार्यों में जीओ टैग की व्यवस्था में शिथिलता और आपदा के बाद क्षतिग्रस्त परिसंपतियों के पुनर्निर्माण के लिए वित्तीय व्यवस्था शीघ्र करने का प्रावधान करने के सुझाव दिए।

इस मौके पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह, जिला परियोजना निदेशक आनन्द सिंह, सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी कैलाश चन्द्र मिश्रा, सहायक विकास अधिकारी विनोद ममगांई, वित्तीय परामर्शदाता शैलेन्द्र सिंह बुटोला आदि मौजूद थे।

# अलकनंदा नदी में डुबकी लगाते गांव के दो लोग बहे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** कीर्तिनगर कोतवाली क्षेत्रांर्गत ढुंढप्रयाग घाट में ढुबकी लगाते हुए दो लोग अलकनंदा की तेज धारा में बह गये। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन में जुट गई है। प्राप्त जानक. ारी के अनुसार पाबौ ब्लॉक के जबरोली गांव से पूजा पाठ करने के लिए एक गांव के 15 लोग ढुंढप्रयाग घाट पहुंचे थे। पूजा पाठ खत्म होने के बाद एक महिला अलकनंदा में ढुबकी लगाने गयी तभी वह अलकन. ंदा नदी के तेज बहाव में बहने लगी तभी पास में गांव के एक व्यक्ति ने महिला को बचाने के चक्कर में अलकनंदा नदी में छलांग लगा दी, लेकिन वह भी तेज बहाव में बहता चला गया। स्थानीय निवासी सूरज नौटियाल की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने खोजबीन की तो कोई भी सुराग नहीं लग पाया। कोतवाली कीर्तिनगर के वरिष्ठ उपनिरीक्षक केएल आर्य ने बताया कि महिला की पहचान आशा देवी (40) पत्नी गजपाल सिंह गुसाईं, निवासी जबरोली पौड़ी गढ़वाल और जसवंत सिंह गुसांई (54) निवासी जबरोली पौड़ी गढ़वाल के रूप में हुई है। बताया कि पुलिस और एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी हुई है।

## एक नजर .......

### पुलिस ने 2.5 लाख की स्मैक के साथ एक नशा तस्कर को किया गिरफ्तार

**कोटद्वार।** मुख्यमंत्री उत्तराखंड सरकार के ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान को गति प्रदान करते हुए, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद पौड़ी सर्वेश पंवार द्वारा नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों पर कठोर निगरानी रखने तथा उनके विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्यवाही करने हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। निर्गत निर्देशों के अनुपालन में, कोटद्वार पुलिस एवं सीआईयू कोटद्वार की संयुक्त टीम ने सक्रिय सूचना तंत्र और सतर्कता के आधार पर सोमवार को मानपुर रोड, कोटद्वार क्षेत्र में की गई कार्यवाही के दौरान वीरेन्द्र सिंह रावत निवासी मानपुर, कोटद्वार को 8.76 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया।

### सनातन संस्कृति के विभिन्न पक्षों एवं विज्ञान पर हुआ विचार संगोष्ठी का आयोजन

**कोटद्वार।** भारत विकास परिषद कोटद्वार के तत्वावधान में सनातन संस्कृति के विभिन्न पक्षों एवं विज्ञान पर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रेक्षाग्रह मे आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर महापौर शैलेन्द्र सिंह रावत ने किया।इस अवसर पर उन्होने कहा कि युवा पीढ़ी अपने संस्कारो को भूलती जा रहे है। हमें युवाओ में अच्छे संस्कार डालने हेतु प्रयास करना चाहिए। संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता जूना अखाड़ा के महामण्डलेश्वर स्वामी यतीन्द्रानन्द जी महाराज ने कहा कि आजकल परिवारों में सामंजस्य की कमी होती जा रही है जिससे परिवार टूटते जा रहे है इसको बचाने की जरूरत है। कहा कि आजकल बच्चे केवल किताबी पढ़ाई पर निर्भर रहते है व्यवहारिक व सामाजिक गतिविधियों में बिल्कुल समय नही देते जिसके कारण उनका बौद्धिक विकास नही होता। हमें अपने बच्चो पर ऐसे संस्कार देने चाहिए जिससे वे व्यवहारिक भी बने। भारतीय नदी परिषद के अध्यक्ष रमन त्यागी ने जल संरक्षण पर बोलते हुए कहा कि जल ही जीवन है इसको बचाके रखना है तथा जल को बर्बाद होने से बचाना है।

### एसएसबी की महिला कांस्टेबल को किया सम्मानित

**श्रीनगर।** केंद्रीयकृत प्रशिक्षण केंद्र, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) श्रीनगर में मंगलवार को कांस्टेबल (महिला) पूजा मंडा को उप-महानि. रीक्षक सुभाष चन्द नेगी द्वारा सम्मानित किया गया। कांस्टेबल पूजा मंडा ने 2 नवम्बर को नई दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में भारतीय वायु सेना द्वारा आयोजित 21 कि.मी. मैराथन रेस में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें एक लाख रुपये की नगद राशि एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। उप-महानिरीक्षक नेगी ने पूजा मंडा की इस उपलब्धि को बल एवं केंद्र के लिए गौरव का विषय बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि उनकी यह सफलता अन्य कर्मियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है।

## बैकुंठ चतुर्दशी मेला आस्था एवं सामूहिक प्रयासों का परिणाम:डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने सभी को बैकुण्ठ चतुर्दशी पर्व की शुकामनाएं देते हुए भगवान कमलेश्वर महादेव को नमन किया। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक मेला समर्पण, आस्था एवं सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।

कहा कि यह मेला केवल सांस्कृतिक आयोजन न रहकर सामाजिक एवं आर्थिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। विभिन्न जनपदों से व्यापारी, शिल्पकार एवं स्वयं सहायता समूह इसमें भाग ले रहे हैं। बताया कि मेले में कई नयी गति. विधियाँ जोड़ी गयी हैं, जिनमें बेबी शो, फन गेम्स, पारंपरिक परिधानों की प्रदर्शनी, महिला स्पोर्ट्स प्रतियोगिताएं तथा विभिन्न विषयों पर गोष्ठियों का आयोजन शामिल है, जिससे कार्यक्रम और अधिक आकर्षक बना है। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल आमजन को शासन की योजनाओं की जानकारी देने और लाभान्वित करने का कार्य कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने नगर निगम, विभिन्न सरकारी विभागों और स्थानीय जनता के सहयोग की सराहना की। कार्यक्रम के उपरांत जिलाधिकारी तथा मेयर ने कमलेश्वर महादेव मंदिर में दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा-अर्चना की एवं भगवान कमलेश्वर से लोककल्याण और समृद्धि की कामना की।

# नशा तस्करों के खिलाफ कड़ा प्रहार पुलिस एक्टिव मोड़ पर : एसपी

■ नशा तस्करों की धड़पकड़ जारी ,मोरी पुलिस ने दो किलो चरस बरामद की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** जिले की नव नियुक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमलेश उपाध्याय ने ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन व नशामुक्त अभियान के तहत जिले में पुलिस थानाध्यक्षों को अवैध नशा तस्करों पर खड़ा प्रहार करने के निर्देश दिये है। पुलिस अधीक्षक ने जनपद की कमाई संभालते ही लगातार नशा तस्करों को गिरफ्तार कर रही दो दिनों में पुलिस ने दो किलो चरस बरामद कर ली है। जिससे नशा तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है।

पुलिस अवैध नशे के कारोबारियों के खिलाफ पुलिस को एक्टिव मोड़ पर रखा गया है, नशे के धंधे में लिफ्त लोगों को सलाखों के पीछे भेजा जायेगा, नशा तस्करों कड़ा से कड़ा एक्शन लिया जायेगा।

मोरी पुलिस की टीम ने 1 किलो से अधिक चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

मंगलवार को मोरी पुलिस ने देई झूला पुल के पास सूखा खड्ड से जयसिंह नाम के एक व्यक्ति को अवैध चरस की तस्करी करते हुये गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से 1.012 किग्रा0 चरस बरामद की गयी है।अभियुक्त चरस को स्वयं तैयार कर मुनाफे के लिए देहरादून क्षेत्र में बेचने की फिराक में था।

चरस की बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर उक्त अभियुक्त के विरुद्ध थाना मोरी पर 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज किया गया है।

बरामद माल 1 किलो 12 ग्राम चरस (कीमत करीब 2 लाख रु0 आंकी गई है इधर पुलिस अधीक्षक ने पूरी टीम की सराहना करते हुये टीम के उत्साहवर्धन हेतु 2500रु0 का नकद पारितोषिक दिया गया।

गिरफ्तार करने में पुलिस टीम

मोहन कठैत थानाध्यक्ष मोरी,अ0उ0नि0 अजीत बुटोला, कानि0 अनिल तोमर,कानि0 नितेश बिजल्वांण,कानि0 अरविन्द असवाल शामिल थे।

## कमलेश्वर में 365 बत्तियां जलाकर की सुख स्मृद्धि की कामना

**श्रीनगर।** बैकुंठ चतुर्दशी पर कमलेश्वर महादेव मंदिर में 365 बत्तियां जलाने व जलाभिषेक करने के लिये मंगलवार को सुबह से भक्तों की लंबी लाइन उमड़ पड़ी। भक्तों ने भगवान शिव को धतूरा, केले के पत्ते में दिये जलाकर पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर भगवान शिव के जयकारों से गुंजायमान रहा। दूसरी ओर भक्त कीर्तन भजन करते हुए भी नजर आये। कमलेश्वर महादेव मंदिर के महंत आशुतोष पुरी ने बताया कि इस बार बत्तियों का शिवार्पण 4 नम्वबर प्रात: 3:30 से 5 नवंबर प्रात: काल ढाई बजे तक किया जायेगा। बताया कि बैकुंठ चतुर्दशी पर दीये जलाने का विशेष महत्व है।

## डैफोडिल स्पोर्ट्स मीट 2.0 के चौथे दिन नन्हें खिलाड़ियों ने दिखाए हुनर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** डैफोडिल पब्लिक स्कूल देवरामपुर कोटद्वार में चल रहे स्पोर्ट्स मीट 2.व् के चौथे दिन अंडर 14 बालिका वर्ग में जीविका रावत नवयुग पब्लिक स्कूल और अनुकृति कैंटुला के मध्य मैच खेला गया जिसमें जीविका रावत विजय हुई। इसी प्रकार शीतल रावत डैफोडिल पब्लिक स्कूल तथा नवमी डैफोडिल पब्लिक स्कूल के मध्य बैडमिंटन मैच खेला गया जिसमें शीतल रावत विजय हुई अब दोनों खिलाड़ी जीविका रावत नवयुग पब्लिक स्कूल तथा शीतल रावत डैफोडिल पब्लिक स्कूल ने फाइनल के मैच में जगह बनाई। इसी प्रकार बालिका वर्ग के अंदर-19 वर्ग में शिवांशी डैफोडिल पब्लिक स्कूल और सलोनी ज्ञान भारती के मध्य खेला गया जिसमें शिवांशी और परी मित्तल डैफोडिल्स दोनों ने फाइनल में जगह बनाई स इसी प्रकार अंडर 14 बालक वर्ग में युग पतवाल नवयुग पब्लिक स्कूल और शौर्य केष्टवाल होलीफेथ के मध्य मैच खेला गया जिसमें युग पट्ट पाल विजय हुए इसी तरह आयुष रावत राइजिंगसन पब्लिक स्कूल एवं अनिकेत होलीफेथ के बीच मैच खेला गया जिसमें आयुष रावत विजय हुए इसी प्रकार दोनों खिलाड़ियों ने आयुष रावत और युग पटवाल 14 बालक वर्ग के फाइनल मैच के लिए जगह बनाई। अंडर-19 बालक वर्ग के बैडमिंटन में पार्थ डीएवी पब्लिक स्कूल और आयुष कोटनाला ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल के मध्य खेला गया जिसमें पार्थ विजय हुए।

# जनता दरबार में 123 शिकायतें दर्ज, 50 शिकायतों का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली/देवाल।** देवाल में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित तहसील दिवस में कुल 123 शिकायतें दर्ज हुई, जिनमें से 50 शिकायतों एवं समस्याओं का निराकरण किया गया।



इस मौके पर जिलाधिकारी गौरव कुमार ने विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तहसील दिवस पर प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं को वरिता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिए। देवाल ब्लाक सभागार में जिलाधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में आयोजित तहसील दिवस देवाल की खिलपा देवी ने तीन साल से जल निगम के द्वारा पानी का कनेक्शन नही देने की शिकायत पर डीएम के पूछने पर निगम के अरूण प्रताप सिंह ने इस माह तक कनेक्सन लगवाने, देवाल के कनिष्ठ प्रमुख पिंकी देवी व पूर्णा की प्रधान सीमा देवी ने पूर्णा गांव में बरसात के दौरान खिसके एक बोल्डर से आवादी क्षेत्र को खतरा होने की शिकायत पर डीएम ने लोनिवि थराली को तत्काल बोल्डर को हटाने के निर्देश दिए, देवेंद्र प्रकाश की मांग पर डीएम ने देवाल में श्रम कार्डो को बनाने के लिए शिविर लगाने के निर्देश दिए। भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश मिश्रा ने जल निगम कर्णप्रयाग के द्वारा हनीगाड़-देवाल-पूर्णा पेयजल योजना में भारी अनिमित्ता की मजिस्ट्रेटी जांच की मांग पर डीएम ने उपजिलाधिकारी थराली को जांच करने के निर्देश दिए, इसके अलावा अध्यक्ष ने ब्लाक कार्यालय देवाल के नवनिर्मित भवन के टपकने पर डीएम ने आरडब्लूडी को इसे ठीक करने,ऊणी के कलम सिंह बिष्ट ने थराली -देवाल-वांण मोटर सड़क के किमी 8 नंदकेशरी में राजजात के तहत पार्किंग निर्माण, गोविंद सोनी ने 7 वर्षो पूर्व पूर्णा से बलीबूबू तक मोटर सड़क नही होने की शिकायत पर लोनिवि थराली के सहायक अभियंता जगदीश टम्टा ने बताया कि वन भूमि की फाइल पर वन विभाग के द्वारा आपत्ति लगाई गई हैं। श्री नंदादेवी राजमार्ग थराली-देवाल-वांण मार्ग 52 किमी जोकि राजजात के मुख्य मार्ग के संबंध में डीएम ने के सुधारीकरण एवं हाटमिक्स के कार्य को 2-3 पार्टो में बांटने के लोनिवि थराली को निर्देश दिए ताकि राजजात से पूर्व समय पर कार्य पूरे हो सकें। पूर्व छात्र नेता महावीर सिंह बिष्ट ने कुनारबैंड-घेस मोटर मार्ग से सुय्या तक मोटर सड़क व पुल का निर्माण करने की मांग करते हुए कहा कि देवाल-वांण मोटर सड़क पर उलंग्रा एवं ल्वाणी में भारी भूस्खलन हो रहा हैं राजजात के दौरान सुय्या मोटर सड़क राजजात के दौरान वैकल्पिक मार्ग बन सकता हैं।जिस पर लोनिवि थराली के अधिशासी अभियंता रमेश चंद्र ने एक सप्ताह में इसका आंगणन गठित करने की बात कही।उम्मेद सिंह ने पीएमजीएसवाई कर्णप्रयाग के द्वारा ल्वाण-सुय्या मोटर सड़क का भूमि मुवाजा नही मिलने की शिकायत की वांण के पूर्व क्षेपंस हीरा सिंह ने वांण में बीएसएनएल का टावर लगाए जाने, देहरादून-देवाल बस सेवा का वांण तक विस्तार किए जाने।लौसरी के प्रधान खिलाप सिंह ने लौसरी गांव में भूस्खलन को रोकने के लिए चौकडेमो का निर्माण कार्य किए जाने,चोटिग के क्षेपंस रमेश गड़िया ने जिला पंचायत के चोटिग-हरमल व उफथर-झलिया पैदल मार्ग के क्षतिग्रस्त होने, लोनिवि थराली से हरमर-रामपुर के बीच पिंडर नदी में अस्थाई लकड़ी की पुलिया बनाने,मेलखेत,मानमती, उदेपुर व मुनियालीखेत में निर्मित बीएसएनएल टावरों का विधिवत संचालन करने,मानमती-सोरीगाड़ मोटर सड़क पर नालियों का निर्माण कार्य किए जाने,राइका देवाल में भुगोल का प्रवक्ता एवं एलटी में हिंदी एवं अंग्रेजी के अध्यापक तैनात किए जाने, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देवाल का उच्चीकरण की मांग उठाई। विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र बिष्ट ने संगम मैदान देवाल जोकि राजजात के दौरान अस्थाई पार्किंग का कार्य करेगी में स्नानागार, शौचालय एवं रेनसैंटल का निर्माण किए जाने, देवाल के पूर्व व्यापार संघ अध्यक्ष सुरेंद्र बिष्ट ने राजकीय महाविद्यालय तलोर देवाल के निर्माणाधीन भवन की छत टपकने की शिकायत पर डीएम ने सीडीओ को जांच के निर्देश दिए।

# गढ़वाल विवि के महिला कर्मचारी का मामला पहुंचा राष्ट्रीय महिला आयोग

■ विवि कुलसचिव होंगे महिला आयोग में पेश गढ़वाल विवि में आए दिन महिला शिक्षकों के साथ अभद्रता पर मौन बैठा विवि प्रशासन, शिकायत करने पर भी नहीं होती है कोई कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढवाल केन्द्रीय विश्वविद्यालय के सूचना एवं जन संपर्क विभाग में कार्यरत महिला एशोसिएट प्रोफेसर को न्याय न मिलने पर लगाने पड़ी महिला आयोग तक की दौड़। राष्ट्र और राष्ट्रीयता हमेशा महिला सम्मान की बातें तो बड़े-बड़े ऊंचे मंचो पर तो जरूर की जाती हैं, लेकिन वास्तविकता परदे के पीछे कहानी बयां कुछ और ही करती है। जिसका जीतता जागता उदाहरण गढवाल विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग से जुड़ा है। जिसमें विभाग मे कार्यरत महिला एशोसिएट प्रोफेसर एवं उसी विभाग में कार्यरत महिला कैमरा पर्शन का जो विगत छै माह के अधिक समय से पत्रकारिता विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सुधांशु जैसवाल द्वारा की अभद्रता का इन्साफ न मिलने पर महिला आयोग की चौखट तक जाना पड़ा है। विगत मई माह 2025 के प्रथम सप्ताह मे विश्वविद्यालय की एशोसिएट प्रोफेसर ने विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं कुलपति से लिखित शिकायत की थी। जिसमें उन्होंने अपने ही विभाग के विभागाध्यक्ष के खिलाफ अभद्रता एवं रास्ते व चौक चौराहों पर रैकी करने के आरोप लगाए थे। यहां तक स्वीकृत अवक. ाश होने पर भी शिकायतकर्ता का वेतन काट दिया गया था। इसी मसले को लेकर पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में कार्यरत महिला एशोसिएट प्रोफेसर शिकायत् दर्ज की थी, लेकिन विश्वविद्यालय ने कार्रवाही न करते हुए हमेशा टालने की कोशिश की। जिससे छुब्ध होकर उन्हें राष्ट्रीय एवं राज्य महिला आयोग को पत्र लिखना पड़ा तथा महिला आयोग द्वारा विश्वविद्यालय कुलसचिव को आगामी जनवरी माह के प्रथम सप्ताह उपस्तिथ एवं आख्या प्रस्तुत करने को कहा है। इस संबंध विश्वविद्यालय कुलसचिव का कहना है कि यह मामला मेरे स्तर का नहीं है। इसे आगामी 20 नवंबर 2025 को होने वाले अनुशासन कमेटी में रखा जाएगा। गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने कहा है इस संबंध में मुझे कोई जानकारी नहीं। इस तरह की विषय वाकई निन्दनीय और चिंतनीय है, क्योंकि गढवाल विश्वविद्यालय के काफी विभागों से महिला शिक्षकों के साथ हुई अभद्रता की शिकायतें आए दिन आते रहती हैं, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन पीड़ित शिकायतकर्ताओं को न्याय निस्तारण के बजाय टालमटो करता रहता जिसके कारण निरंतर विश्व. विद्यालय परिवार में इस तरह की घटनाएं घटना आम बात हो गई है। वहीं पत्रकारिता जनसंचार के विभागाध्यक्ष प्रो. जेसवाल को जवाब देते नहीं बन रहा है।

# शहीद स्मारक पर पुष्पमाला चढ़ाकर दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** शहीद है०कॉ० (जी०डी०) अलेल सिंह के बलिदान दिवस पर उनके पैतृक गांव स्मारक पर पुष्पमाला चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की है।सोमवार को विकास खंड डुंडा के राजकीय प्राथमिक विद्यालय-हरेती पोस्ट-कल्याणी में स्थापित शहीद स्मारक पर कार्यक्रम का आयोजन भानु प्रताप सिंह, कमाण्डेंट 35वीं वाहिनी भारत तिब्बत आईटीबीपी पुलिस माहिडांडा के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान वाहिनी से सहायक कमाण्डेंट लोकेन्द्र सिंह एवं अन्य पदाधिकारियों, शहीद के परिजन, ग्राम प्रधान, गांव से एकत्रित लोग, स्कूल के अध्यापक व बच्चों ने दो



मिनट का मौन धारण कर शहीद स्मारक पर पुष्पमाला चढ़ाकर पुष्प अर्पित किया ।इस दौरान सहायक कमाण्डेंट लोकेन्द्र सिंह ने शहीद की माता व पत्नी को स्मृति चिन्ह, उपहार व शाल भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान शहीद के परिजनों की समस्याओं एवं वित्तीय लाभांशों के बारें में जानकारी ली गई।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने शहीद के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्र सेवा की भावना को नमन करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया गया।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## आन्या श्रब्सोल बनीं आरसीबी महिला टीम की गेंदबाजी कोच

**बेंगलुरु, वार्ता।** आरसीबी की महिला टीम ने इंग्लैंड की पूर्व तेज गेंदबाज आन्या श्रब्सोल को अपना गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। यह बदलाव उनके सपोर्ट स्टाफ में किए गए फेरबदल का हिस्सा है। श्रब्सोल मलोलन रंगराजन के साथ काम करेंगी, जो तमिलनाडु के पूर्व स्पिनर हैं और आने वाले सीजन में मुख्य कोच की भूमिका निभाएंगे। यह बदलाव इसलिए किया गया क्योंकि ल्यूक विलियम्स, जिन्हें 2024 सीजन से पहले हेड कोच बनाया गया था, बीबीएल में एडिलेड स्ट्राइकर्स के साथ अपनी प्रतिबद्धताओं के कारण डब्ल्यूपीएल 2026 में हिस्सा नहीं ले पाएंगे।

## नारायणन दिप्तायन, अरोन्याक दूसरे दौर में पहुंचे

**पणजी, वार्ता।** भारत के जीएम नारायणन एसएल और जीएम दिप्तायन घोष ने शानदार तरीके से अपने दोनों रैपिड गेम जीतकर फिडे विश्व कप 2025 के दूसरे दौर में अपनी जगह पक्की कर ली, जबकि अरोन्याक घोष ने सोमवार को यहां राउंड 1 टाईब्रेक के दूसरे चरण में एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए उनका साथ दिया। पहले गेम में काले मोहरों से खेलते हुए नारायणन ने पेरू के आईएम स्टीवन रोजास को 52 चालों में हराकर अगले दौर में प्रवेश किया और फिर सफेद मोहरों से खेलते हुए केवल 22 चालों में जीत हासिल की। बगल के बोर्ड पर, दिप्तायन घोष ने चीन के ग्रैंडमास्टर पेंग ज़ियोनजियान के खिलाफ पहले गेम में 70 चालों में जीत हासिल की। यह जीत उनके दो मोहरों की बदौलत मिली।

# लॉरा बनीं नंबर-1 वनडे बल्लेबाज




- **मंधाना विश्व कप के दौरान लगातार नंबर-1 बल्लेबाज बनीं रही, लेकिन नॉकआउट चरण में वह अपनी फॉर्म में नहीं थी**

**दुबई, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज लॉरा वुलफार्ट ने विश्व कप के सेमीफाइनल और फाइनल में शतक लगाकर भारत की स्मृति मंधाना को पीछे छोड़ते हुए आईसीसी की महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में नंबर एक स्थान हासिल कर लिया है। वुलफार्ट ने सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 169 और फाइनल में भारत के खिलाफ 101 रनों की पारी खेली थी। इस प्रदर्शन से उन्होंने टूर्नामेंट में कुल 571 रन बनाए, जो विश्व कप में अब तक का रिकॉर्ड बल्लेबाजी प्रदर्शन है। इसके साथ ही उन्हें 814 रेटिंग अंक मिले, जो उनके करियर का सर्वोच्च स्कोर है। यह मंधाना के 811 रेटिंग अंकों से तीन अधिक हैं। मंधाना विश्व कप के दौरान लगातार नंबर एक बल्लेबाज बनी रहीं, लेकिन नॉकआउट चरण में वह अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं थीं। उन्होंने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 24 और फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 45 रन बनाए। इसके बावजूद वह विश्व कप में दूसरी सबसे ज़्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं। एलिस पेरी ने भी सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ 77 रन की पारी खेलकर टॉप-10 में जगह बनाई और सातवें स्थान पर पहुंचीं। वह सोफी डिवाइन के साथ सातवां स्थान साझा कर रही हैं, जिन्होंने टूर्नामेंट के बाद वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। जेमिमा रॉड्रिग्स ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में नाबाद 127 रन बनाकर भारत को जीत दिलाई। इस प्रदर्शन के बाद वह नौ स्थान ऊपर चढ़कर नंबर 10 पर पहुंचीं। वहीं सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के लिए 119 रन बनाने वाली फीबी लिचफील्ड 13 स्थान की छलांग लगाकर 13वें स्थान पर पहुंची हैं। दक्षिण अफ्रीका की मरीजान काप इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 5 विकेट लेकर गेंदबाजी रैंकिंग में दो स्थान की बढ़त के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। अब वह इंग्लैंड की सोफी एक्लस्टोन से ही पीछे हैं। अनाबेल सदरलैंड (छठे) और किम गार्थ (सातवें) भी एक-एक स्थान ऊपर बढ़ीं, जबकि उनकी टीममेट अलाना किंग अब काप के कारण तीसरे स्थान पर खिसक गईं। दीप्ति शर्मा ने विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब जीता और नॉकआउट चरण में सात विकेट लेने के साथ-साथ 82 रन भी बनाए। इससे वह ऑलराउंडर रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़कर 4वें स्थान पर पहुंच गईं।

## टॉम मूडी एलएसजी के डायरेक्टर नियुक्त किए गए



**लखनऊ, वार्ता।** आरपीएसजी ग्रुप ने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर टॉम मूडी को ग्लोबल डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट नियुक्त किया है। इस नई भूमिका में टॉम मूडी, आरपीएसजी ग्रुप की सभी क्रिकेट फ्रेंचाइज़ियों के संचालन, रणनीति और दीर्घकालिक क्रिकेट विकास कार्यक्रमों का नेतृत्व करेंगे। टॉम मूडी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट जगत का लोकप्रिय चेहरा रहा है। आरपीएसजी ग्रुप की प्रमुख क्रिकेट फ्रेंचाइज़ियों में लखनऊ सुपर जायंट्स (आईपीएल), डरबन सुपर जायंट्स (एसए20) और मैनचेस्टर ओरिजिनल्स (द हंड्रेड) शामिल हैं। आगामी आईपीएल सत्र में टॉम मूडी, लखनऊ सुपर जायंट्स के मुख्य कोच एवं अपने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई साथी जस्टिन लैंगर और हाल ही में रणनीतिक सलाहकार के रूप में नियुक्त हुए केन विलियमसन के साथ मिलकर टीम को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। मूडी ने अपनी नियुक्ति पर कहा आरपीएसजी ग्रुप के लिए ग्लोबल डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट की भूमिका स्वीकार करना मेरे लिए एक विशेष सम्मान है। ग्रुप के चेयरमैन संजीव गोयनका से सकारात्मक बातचीत से यह स्पष्ट हुआ कि यह एक रोमांचक अवसर है।

# आईसीसी महिला विश्व कप टीम में भारत की तिकड़ी

**नई दिल्ली, वार्ता।** हाल ही में संपन्न हुए टूर्नामेंट में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद, तीन भारतीय सितारों-स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा - को आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 की टूर्नामेंट की टीम में शामिल किया गया है।

मंधाना, जेमिमा और दीप्ति विजयी भारतीय टीम का हिस्सा थीं। दीप्ति टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज बनकर उभरीं। उन्होंने फाइनल में 39 रन देकर पांच विकेट सहित कुल 22 विकेट लिए। मंधाना और जेमिमा ने बल्ले से प्रभावित करते हुए क्रमश: 434 और मैच विजयी नाबाद 127 रन बनाए। मंधाना ने लीग चरण में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ शतक भी लगाया। 12 सदस्यीय टीम की कप्तान दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वुलफार्ट हैं और इसमें उनकी साथी मारिज़ैन कैप और नादिन डी क्लार्क भी शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व गार्डनर, एनाबेल सदरलैंड और अलाना किंग कर रही हैं, जबकि इंग्लैंड की नैट शिवर-ब्रंट और सोफी एक्लेस्टोन, पाकिस्तान की सिदरा नवाज के साथ मिलकर टीम को पूरा करती हैं। चयन पैनल में कमेंटेटर इयान बिशप, मेल जोन्स और ईसा गुहा, आईसीसी महाप्रबंधक गौरव सक्सेना और पत्रकार एस्टेले वासुदेवन शामिल थे। आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 की अंतिम टूर्नामेंट की टीम है।

## अर्पित- सनत के शतक लेकिन पुड्डुचेरी को मिले तीन अंक

**नई दिल्ली, वार्ता।** अर्पित राणा (नाबाद 170) सनत सांगवान (नाबाद 122) के शानदार शतकों से दिल्ली ने पुड्डुचेरी के खिलाफ रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मैच में अपनी दूसरी पारी में बिना कोई विकेट खोए 321 रन बनाये और मैच ड्रा हो गया। हालांकि पुड्डुचेरी को पहली पारी की बढ़त के आधार पर तीन अंक मिले जबकि दिल्ली को एक अंक से संतोष करना पघ। दिल्ली के पहली पारी के 294 रन के जवाब में पुड्डुचेरी ने 481 रन बनाकर पहली पारी में महत्वपूर्ण बघ्त हासिल की थी।

# भव्य रोशनी में मनाया टीम ने जीत का जश्न

- **भारतीय महिला टीम के विशेष रूप से डिजाइन की पृष्ठभूमि में शानदार नजारा पेश किया**

**कोलकाता, वार्ता।** बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) ने प्रतिष्ठित ईडन गार्डन्स में एक शानदार सजावटी प्रदर्शनी के साथ आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 में टीम इंडिया की ऐतिहासिक जीत का गौरवपूर्ण जश्न मनाया। भारतीय महिला क्रिकेट टीम के सम्मान में जीवंत रोशनी और विशेष रूप से डिज़ाइन की गई पृष्ठभूमि ने एक शानदार नज़ारा पेश किया, जिसने शहर भर के क्रिकेट प्रशंसकों की प्रशंसा बटोरी। स्टेडियम के सामने के हिस्से को विजयी भारतीय टीम के आकर्षक दृश्यों से सजाया गया था, जो गर्व और उपलब्धि की भावना को दर्शाने के लिए चमकदार नीली रोशनी से नहाए हुए थे। यह सजावट महिला टीम के उल्लेखनीय प्रदर्शन के प्रति सम्मान था, जिसने देश को अपार गौरव दिलाया और लाखों महत्वाकांक्षी क्रिकेटरों को प्रेरित किया। मीडिया से बात करते हुए, पूर्व भारतीय क्रिकेटर और सीएबी के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा कि बंगाल में क्रिकेट के घर के रूप में, हम उनकी सफलता का जश्न मनाना चाहते थे और इस विशेष सम्मान के माध्यम से अपनी हार्दिक बधाई व्यक्त करना चाहते थे।

उन्होंने कहा कि बीस साल पहले, जब महिला क्रिकेट बुनियादी ढांचे की कमी के कारण संघर्ष कर रहा था, तब बहुत से लोग इसके भविष्य को लेकर आश्वस्त नहीं थे। उन सभी महिलाओं को बधाई जिन्होंने खेल को अगले स्तर तक ले जाने के लिए कड़ी मेहनत की। गांगुली ने कहा कि जब मैं बीसीसीआई अध्यक्ष बना, तो मुझे महिला क्रिकेट के उत्थान के लिए काम करने में बहुत खुशी हुई और मैंने इसकी नींव मजबूत करने की पूरी कोशिश की। 50 ओवर का विश्व कप जीतना तो बस शुरुआत है - महिला क्रिकेट यहां से और भी आगे बढ़ेगा। बंगाल क्रिकेट संघ हमेशा से पुरुष और महिला दोनों क्रिकेट को बढ़ावा देने में अग्रणी रहा है।

## ऋत्विक संजीवी ने मैंगलोर इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज में जीता स्वर्ण

**नई दिल्ली, वार्ता।** हैटसन बैडमिंटन सेंटर के ऋत्विक संजीवी ने मंगलुरु में आयोजित मैंगलोर इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग का खिताब जीतकर तमिलनाडु और भारत का गौरव बढ़ाया। विश्व रैंकिंग में 60वें स्थान पर काबिज 22 वर्षीय ऋत्विक ने हमवतन रौनक चौहान (14-21, 21-19, 21-19) के खिलाफ एक कड़े फाइनल में जीत हासिल करने के लिए कड़ी टक्कर दी। यह जीत इस सीजन में उनका पहला खिताब है, जिसने बैडमिंटन में भारत के शीर्ष उभरते सितारों में से एक के रूप में उनकी प्रतिष्ठा को और मजबूत किया है। हैटसन बैडमिंटन सेंटर के मुख्य कोच रजनीकांत ने ऋत्विक की उपलब्धि पर गहरा गर्व व्यक्त किया कि ऋत्विक के समर्पण, कड़ी मेहनत और सेंटर की कोचिंग ने एक ऐसा चैंपियन तैयार किया है जिस पर हम सभी को गर्व है। हम ऐसी प्रतिभाओं को निखारने और भारतीय बैडमिंटन के भविष्य को आकार देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# बीबीएल से बाहर हुए अश्विन




- **घुटने की सर्जरी की वजह से अश्विन को सिडनी थंडर के साथ अपना बीबीएल डेब्यू रद्द करना पड़ा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** घुटने की सर्जरी की वजह से आर अश्विन को सिडनी थंडर के साथ अपना बीबीएल डेब्यू रद्द करना पड़ा। उन्होंने कहा कि यह मौका गंवाने से वह बहुत निराश हैं, क्योंकि इससे वह बीबीएल में खेलने वाले भारत के पहले कैप्ड खिलाड़ी बन जाते। वहीं थंडर ने कहा कि वे अश्विन के साथ मिलकर एक नई योजना पर काम कर रहे हैं। इस साल की शुरुआत में आईपीएल से संन्यास लेने के बाद अश्विन के लिए विदेशी लीग में खेलने का रास्ता खुला था। उन्होंने थंडर के साथ पूरे बीबीएल सीजन के लिए करार किया था। अश्विन ने थंडर के बयान में कहा, ष्मुझे बीबीएल 15 मिस करने का बहुत अफसोस है। अब मेरा पूरा ध्यान रिकवरी पर है। मैं थंडर परिवार और फैंस का शुक्रगुज़ार हूं, जिन्होंने पहले ही बहुत अपनापन दिखाया है। ट्रेंट (कोपलैंड, थंडर जनरल मैनेजर) और पूरी मैनेजमेंट टीम ने पहले ही बातचीत से मुझे क्लब का हिस्सा महसूस कराया। अगर रिहैब और यात्रा की योजना अनुमति दें, तो मैं सीजन के बाद के हिस्से में टीम के साथ रहना और फैंस से मिलना चाहूंगा। थंडर टीमों को शानदार साल की शुभकामनाएं। ट्रेंट कोपलैंड ने कहा कि सिडनी थंडर के सभी लोग अश्विन की घुटने की चोट की खबर से बहुत दुखी हुए, जिसने उन्हें बीबीएल 15 से बाहर कर दिया। हम उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं। जब हमने पहली बार अश्विन से बात की, तभी उनके थंडर के प्रति समर्पण का अंदाज़ा लग गया था। हमें उम्मीद है कि हम उन्हें बीबीएल 15 के कुछ हिस्से के दौरान अपने डगआउट में स्वागत कर सकेंगे, फैंस से मिलवाएंगे।

## राइजिंग स्टार्स एशिया कप में जितेश शर्मा होंगे भारत 'ए' के कप्तान

**मुंबई, वार्ता।** जतेश शर्मा को आने वाले एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) राइजिग स्टार्स एशिया कप के लिए भारत ए टीम का कप्तान बनाया गया है, जिसे पहले इमर्जिंग टूर्नामेंट भी कहा जाता था। यह टूर्नामेंट दोहा में 14 से 23 नवम्बर तक खेला जाएगा। नमन धीर को उपकप्तान बनाया गया है।

इस टी-20 टूर्नामेंट की टीम काफी मबूत दिख रही है और इसमें आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले रमनदीप सिंह, अभिषेक पोरल, सुयश शर्मा, आशुतोष शर्मा, नेहाल वढेरा, प्रियांश आर्या और वैभव सूर्यवंशी के साथ-साथ घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले हर्ष दुबे, सुर्यांश शेडगे, यश ठाकुर, गुरजपनीत सिंह, विजयकुमार वैशाख और युधवीर सिंह जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।

## कंधे में खिचाव, ब्रेविस पाक के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर

**फैसलाबाद, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के युवा बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस 1 नवम्बर को लाहौर में तीसरे टी-20 मैच के दौरान कंधे की मांसपेशियों में हल्के खिचाव के कारण आज से पाकिस्तान के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। 22 वर्षीय ब्रेविस इस महीने के अंत में होने वाले दक्षिण अफ्रीका के भारत दौरे से पहले पुनर्वास के लिए पाकिस्तान में टीम के साथ रहेंगे, जिसमें दो टेस्ट, तीन वनडे और पांच टी-20 मैच शामिल हैं। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने अभी तक ब्रेविस के प्रतिस्थापन की घोषणा नहीं की है। उनकी अनुपस्थिति पहले से ही कमज़ोर वनडे टीम को और कमज़ोर कर देती है, क्योंकि वरिष्ठ खिलाड़ी एडेन मार्करम और कैगिसो रबाडा को आराम दिया गया है, और तेज गेंदबाज क्वेना मफाका और एनरिक नॉर्टजे चोटों के कारण बाहर हैं।

# मोहम्मद अशरफुल बांग्लादेश के बल्लेबाजी कोच नियुक्त



**ढाका, वार्ता।** पूर्व बंगलादेशी खिलाड़ी मोहम्मद अशरफुल को आयरलैंड के खिलाफ आगामी घरेलू श्रृंखला से पहले राष्ट्रीय बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया है। अशरफुल वरिष्ठ सहायक कोच मोहम्मद सलाहुद्दीन की जगह लेंगे, जो बीसीबी द्वारा डेविड हेम्प से अलग होने के बाद से बल्लेबाजी इकाई की देखरेख कर रहे हैं।

